वर्ष 23, अंक 232, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 16 सितम्बर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### पीएम मोदी ने जमशेदपुर में फूंका चुनावी बिगुल

# JMM , RJD और कांग्रेस.... झारखंड के सबसे बड़े दुश्मन - पीएम मोदी

**रांची : प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी रांची पहुंच गए है, लेकिन मौसम खराब होने की वजह से जमशेदपुर के लिए उड़ान भरने में परेशानी हुई, जिसके कारण रांची एयरपोर्ट से ही प्रधानमंत्री ने 6 वंदे भारत एक्सप्रेस के ऑनलाइन उद्घाटन के साथ ही करोड़ों रुपये की योजनाओं की सौगात दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब 140 किलोमीटर की दूरी तय कर सड़क मार्ग से होकर रांची से जमशेदपुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने के कारण हेलीकॉप्टर उड़ नहीं सकता था। इस कारण सड़क मार्ग से रांची से जमशेदपुर पहुंचे। रास्ते में बारिश के रूप में आशीर्वाद मिला। रास्ते भर में लोगों ने भींग कर स्वागत किया, लोगों का प्यार और आशीर्वाद जीवन की बड़ी पूंजी है।



दौड़ में शामिल अभ्यर्थियों की मौत पर चिंता, पीएम बोले- सरकार बनने पर मामले की जांच होगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में उत्पाद सिपाही भर्ती को लेकर दौड़ में शामिल कई अभ्यर्थियों की मौत पर चिंता जताई। उन्होंने कहा- ह्यमैं वादा करता हूं... झारखंड में कुछ महीनों के बाद जब बीजेपी की सरकार बनेगी, एनडीए की सरकार बनेगी तो इन सारे मामलों की जांच करवाई जाएगी।

जेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- ह्यजेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। ये घुसपैठिए और कट्टरपंथी श्रडड को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं। इनके लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर भी घुस गए हैं।

जेएमएम के अंदर कांग्रेस का भूत घुस गया

पीएम मोदी ने कहा- ह्यजानते हैं ऐसा क्यों हुआ? क्योंकि जेएमएम में कांग्रेस का भूत घुस गया है। जब किसी पार्टी में कांग्रेस का भूत घुस जाता है, तो तुष्टिकरण ही उस दल का इकलौता एजेंडा बन जाता है। इसके लिए सबसे पहले ये लोग दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज के हितों की बलि चढ़ाते हैं। यही हाल जेएमएम का भी हो रहा है।

मोदी बोले- देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी है-कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-ह्यजेएमएम और कांग्रेस जैसे दलों को आपका वोट नहीं चाहिए। ये दल मजहब के नाम पर अपना वोट बैंक बनाना चाहते हैं। यही समय है, हमें इस खतरे को यहीं पर रोकना होगा। इस देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी एक ही है- कांग्रेस पार्टी। इस देश का सबसे भ्रष्ट परिवार एक ही है- कांग्रेस का परिवार।ह्न

जेएमएम ने कांग्रेस स्कूल ऑफ करप्शनह्न से ट्रेनिंग ली

पीएम मोदी ने कहा- भ्रष्टाचार की सारी धाराएं वहीं से निकलती हैं। ये जेएमएम वाले भी उसी स्कूल से ट्रेनिंग लेते हैं- कांग्रेस स्कूल ऑफ करप्शन। जेएमएम ने 5 साल में केवल एक ही काम किया है- झारखंड की लूट और चारों तरफ भ्रष्टाचार।

### रांची से वंदे भारत ट्रेन को वर्चुअली दिखाई हरी झंडी



पीएम मोदी झारखंड के टाटानगर से इन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने वाले थे, लेकिन कम दृश्यता और खराब मौसम की वजह से उनका हेलीकॉप्टर रांची से उड़ान नहीं भर सका। इस वजह से उन्होंने यहीं से डिजिटल माध्यम से वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान और संतोष कुमार गंगवार टाटानगर स्टेशन पर उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रांची से डिजिटल माध्मय से छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ये नई वंदे भारत ट्रेनें झारखंड, ओडिशा, बिहार और उत्तर प्रदेश में चलेंगी। बता दें, पीएम मोदी झारखंड के टाटानगर से इन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने वाले थे, लेकिन कम दृश्यता और खराब मौसम की वजह से उनका हेलीकॉप्टर रांची से उड़ान नहीं भर सका। इस वजह से उन्होंने यहीं से डिजिटल माध्यम से वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।

# केजरीवाल के ऐलान के बाद कौन हो सकता है दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री?

**नई दिल्लीः दिल्ली** के सीएम अरविंद केजरीवाल दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा देने वाले हैं। आम आदमी पार्टी के दफ्तर से आज बड़ा ऐलान करते हुए उन्होंने विपक्ष और अपने विरोधियों को भी चौंका दिया। केजरीवाल ने मंच से कहा कि मैं तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती। आज से कुछ महीने बाद दिल्ली के चुनाव है, अगर आपको लगता है कि केजरीवाल ईमानदार है, तो आने वाले चुनाव में मेरे पक्ष में वोट दे देना। केजरीवाल ने यह भी साफ कर दिया है कि उनकी जगह डिप्टी सीएम रहे मनीष सिसोदिया को भी दिल्ली का मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाएगा। इसके बाद कयासों का बाजार गर्म हो गया है कि आखिर पार्टी से वो कौन नेता होगा जो इस पद को संभालेगा। संभावितों की लिस्ट में मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और पत्नी सुनीता केजरीवाल का नाम सबसे ऊपर आ रहा है। अभी कुछ भी कहना इसलिए भी जल्दबाजी होगा क्योंकि दो दिन बाद विधायक दल की बैठक है और सीएम फेस पर मुहर उसी दिन लगेगी।

क्या मनीष सिसोदिया बनेंगे सीएम?

सीएम केजरीवाल के इस बड़े सियासी दांव के बाद यह भी क्लियर हो गया है कि पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी इस लिस्ट से बाहर हो गए हैं। केजरीवाल ने मंच से पहले ही साफ कर दिया है कि उनकी जगह मनीष सिसोदिया को इस पद पर नहीं बैठाया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं मनीष जी से बात कर रहा था, जो पीड़ा मेरे मन में है, वहीं पीड़ा मनीष जी के मन में भी है। ये दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मंत्री का पद तभी संभालेंगे, जब दिल्ली की जनता कहेगी कि वो ईमानदार हैं। हमारा फैसला अब आपके हाथ में है, हम दोनों जनता की अदालत में जा रहे हैं। इस पैमाने से देखें तो मनीष सिसोदिया हाल ही में शराब नीति घोटाला केस में जमानत पर बाहर आए हैं। उनके खिलाफ ईडी और सीबीआई दोनों ने ही केस दर्ज कर रखे थे। करीब 17 महीने जेल में रहने के बाद सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बेल दे दी।




### दिल्ली की जनता अपने हाथ में लिखेगी मेरा केजरीवाल ईमानदार है: राघव चड्ढा

**नई दिल्ली। शराब** घोटाले में जमानत मिलने के दो दिन बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को बड़ा ऐलान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। केजरीवाल के इस फैसले पर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अग्निपरीक्षा देने का फैसला किया है। 2025 के विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता उस चुनाव के माध्यम से अपने मुख्यमंत्री को ईमानदार घोषित करेगी। मीडिया से रूबरू आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा,"मुख्यमंत्री जी अग्निपरीक्षा से गुजरने के लिए तैयार हैं।



# टीम इंडिया से कटने वाला शुभमन गिल का पत्ता? जानें क्यों टी20 सीरीज में नहीं मिलेगी जगह

**नई दिल्ली।**

**शुभम**न गिल को टीम इंडिया से बाहर किया जा सकता है. भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है. यह सीरीज 6 अक्तूबर से शुरू होगा. गिल को इस सीरीज से ब्रेक दिया जा सकता है. एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम दिया जा सकता है. गिल काफी वक्त से लगातार खेल रहे हैं. उनके साथ-साथ जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को भी ब्रेक दिया जा सकता है.



शुभमन गिल जिम्बाब्वे के बाद श्रीलंका दौरे पर गए थे. इसके बाद वे दिलीप ट्रॉफी 2024 में भी खेले और अब टेस्ट सीरीज में खेलेंगे. लिहाजा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का मैनेजमेंट गिल को ब्रेक दे सकता है।

### RPSC के 3 पूर्व चैयरमैन के खिलाफ मैं सबूत दूंगा - किरोड़ी लाल मीणा

# 'RAS-RPS में पैसे लेकर दी गई नौकरियां'

**जयपुरः बीजेपी** के वरिष्ठ नेता किरोड़ी लाल मीणा अपना इस्तीफा देने के कारण राजस्थान में चर्चा में है। इधर, पेपर लीक मामले में मोर्चा खोल चुके किरोड़ी लाल मीणा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने तीन पूर्व आरपीएससी अध्यक्षों पर भ्रष्टाचार को लेकर बड़ा गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास इसके सबूत है, जो वह एसओजी को जल्द सौपेंगे। उनका आरोप है कि इन लोगों ने आरएएस, आरपीएस और दूसरी कई नौकरियां में पैसे लेकर नौकरियां दी है। इसको लेकर किरोड़ी लाल मीणा ने एक डिजिटल मीडिया नेटवर्क को इंटरव्यू देकर इसका खुलासा किया। इस दौरान किरोड़ी लाल मीणा ने वसुंधरा राजे के 'पीतल के लौंग' के बयान को भी सही बताया और उनका समर्थन किया।



मेरे पास RPSC के 3 पूर्व अध्यक्षों के खिलाफ सबूतः किरोड़ी

पेपर लीक प्रकरण के मामले में किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि ऐसे पांच आरपीएससी के मेंबर है। इनमें से तीन पूर्व अध्यक्षों के नाम तो मेरे पास है, जिनके खिलाफ मेरे पास सबूत हैं। मीणा ने कहा कि 'आने वाले दिनों में इन सबूतों को मैं एसओजी को सौंपने वाला हूं।' उन्होंने कहा कि इन लोगों ने राजनीतिक दबाव में पैसे लेकर अयोग्य लोगों को नौकरियां दे दी। इस दौरान नौकरी देने में जमकर धांधली हुई है। उन्होंने दावा किया कि ऐसे तीन आरपीएससी के पूर्व अध्यक्षों के खिलाफ उनके पास पर्याप्त सबूत है, वह इन्हें जल्द ही उजागर करेंगे।

### महाराष्ट्र चुनाव से पहले इखढ को विदर्भ में झटका

**मुंबई : महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव से ऐन पहले बीजेपी को करारा झटका लगा है। विदर्भ के बड़े नेता गोपालदास अग्रवाल बीजेपी छोड़ वापस कांग्रेस में लौट आए हैं। गोपालदास अग्रवाल दो बार एमएलसी और गोंदिया विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर तीन बार विधायक रह चुके हैं।

वे 20219 में बीजेपी में शामिल हुए थे। शुक्रवार को उन्होंने महाराष्ट्र कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं की उपस्थिति में घरवापसी की।

इस मौके पर मौजूद महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की छवि को खराब करने के लिए बीजेपी करोड़ों रुपये खर्च कर रही है।

# पश्चिम बंगाल : मालदा में कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**मालदा। पश्चिम** बंगाल के मालदा में रविवार सुबह कुछ बदमाशों ने दिनदहाड़े कांग्रेस के एक नेता की हत्या कर दी। इस घटना से आसपास के इलाकों में दहशत मच गई है। घटना मानिकचक के धरमपुर स्टैंड के पास स्थित बाजार की बताई जा रही है।

मृतक का नाम शेख सैफुद्दीन बताया जा रहा है जो कांग्रेस से जुड़े हुए थे। मृतक कांग्रेस नेता के बेटे के मुताबिक, उनके पिता रविवार सुबह करीब 9 बजे मानिकचक गए थे। इसी दौरान नकाबपोश बदमाशों ने कांग्रेस नेता को घेर लिया और उन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी।

जानकारी के अनुसार, इस दौरान बदमाशों ने बम से भी हमला किया। हमले में कांग्रेस नेता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक के बेटे ने इस हमले का आरोप टीएमसी समर्थित अपराधियों पर लगाया है।

बेटे ने आरोप लगाया कि इस घटना में गोपालपुर क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष शेख नासिर शामिल हैं।

### बीजेपी नेता अनिल विज ने ठोका CM पद पर दावा

# मैं हरियाणा की तस्वीर बदल दूंगा

**हरियाणा**

**हरियाणा** विधानसभा चुनाव में बीजेपी वैसे तो जीत की पुरजोर तैयारी में है, लेकिन इससे पहले पूर्व गृह मंत्री अनिल विज (अल्लह्ल श्र्न) के बयान से टेंशन की स्थिति खड़ी हो सकती है. दरअसल, अनिल विज ने कहा है कि अगर आगामी चुनाव में बीजेपी जीत कर आती है, तो वह मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी रखने वाले हैं.

अनिल विज हरियाणा की अंबाला कैंट सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, जहां उनका मुकाबला कांग्रेस परीमल परी से है. इसके अलावा, जेजेपी ने अवतार करधान, इनेलो ने करतार सिंह और आप ने राज कौर गिल को अंबाला कैंट से टिकट दिया है.



लोकसभा चुनाव से पहले जब हरियाणा में नेतृत्व परिवर्तन कर मनोहर लाल की जगह नायब सिंह सैनी को सीएम बनाया गया था तब अनिल विज राज्य की कैबिनेट से बाहर हो गए थे. वह मनोहर लाल सरकार में गृह मंत्री की जिम्मेदारी दी गई थी. समाचार एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक अनिल विज ने कहा, "मैं हरियाणा का सबसे वरिष्ठ विधायक हूं. छह बार चुनकर आया हूं. सातवीं बार चुनाव लड़ने जा रहा हूं. मैंने आजतक पार्टी से कभी कुछ नहीं मांगा लेकिन इस बार मेरे पास सारे हरियाणा की जनता का और अंबाला छावनी की जनता का बहुत दबाव पड़ रहा है।

# नितिन गडकरी को पीएम पद का ऑफर देना गलत नहींः संजय

**मुंबई। लोकसभा चुनाव** 2024 के कई महीने बाद केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के एक नेता ने उन्हें पीएम पद का ऑफर दिया था। उनके इस बयान के बाद राजनीति गरमा गई है। शिवसेना नेता संजय राउत ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "नितिन गडकरी भाजपा के सबसे सर्वमान्य नेता हैं और मुझे नहीं लगता कि किसी ने उनसे प्रधानमंत्री पद के लिए पैरवी करने को कहा होगा। जिस तरह से इस देश में तानाशाही चल रही है और जिस तरह से दस साल पहले आपातकाल की शुरूआत हुई थी। उन्हें अगर यह सलाह किसी ने दी है, विपक्ष के किसी नेता ने दी है तो मुझे इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता।"



संजय राउत ने कहा, "मुझे लगता है कि अगर कोई मौजूदा सरकार में रहते हुए ।

# PK बिहार में पलट देंगे NDA का पूरा खेल? चुनाव अगले साल पर कर दिया वो बड़ा ऐलान जो हिला देगा सबको!

**बिहार**

**जाने-माने** चुनावी रणनीतिकार, राजनीतिक विश्लेषक और जन सुराज अभियान (दो अक्टूबर, 2024 को सियासी दल बनेगा) के संस्थापक प्रशांत किशोर (पीके) ने वो बड़ा सियासी दांव चल दिया है, जो बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए का पूरा गेम पलट कर रख सकता है. पीके ने शनिवार (14 सितंबर 2024) को ऐलान किय कि अगर उनके नेतृत्व वाली जन सुराज सत्ता में आती है तब वे लोग बिहार में शराबबंदी को तुरंत खत्म कर देंगे.




न्यूज एजेंसी 'एएनआई' से बातचीत के दौरान पीके बोले, "दो अक्टूबर के लिए किसी खास तैयारी की जरूरत नहीं है. हम पिछले दो साल से तैयारी कर रहे हैं. अगर जन सुराज की सरकार बनती है तो हम एक घंटे के अंदर शराबबंदी खत्म कर देंगे."

बिहार में क्या हैं शराबबंदी के मायनेबिहार की राजनीति में शराबबंदी काफी महत्व रखता है और यही वजह है।

# इस्तीफा देने का ऐलान कर बुरे फंसे केजरीवाल

### कांग्रेस-बीजेपी ने लगा दी क्लास, AAP ने किया बचाव

**नई दिल्ली।**

**केजरीवाल** के 'दो दिन बाद इस्तीफा' देने के ऐलान के बाद दिल्ली की राजनीति गरमा गयी है। आम आदमी पार्टी जहां केजरीवाल के फैसले का समर्थन करती नजर आ रही हैं। वहीं कांग्रेस और भाजपा ने 'दो दिन बाद इस्तीफा' देने के फैसले पर केजरीवाल को घेरा है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एक बड़ी ऐलान करते हुए अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने 'आप' के पार्टी मुख्यालय में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज से दो दिन बाद वह अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही विधायकों की बैठक होगी, जिसमें अगले मुख्यमंत्री का ऐलान किया जाएगा। इसी के साथ उन्होंने दिल्ली में इसी साल चुनाव करवाने की भी मांग की। केजरीवाल के इस ऐलान के बाद दिल्ली की राजनीति गरमा गयी है। आम आदमी पार्टी जहां केजरीवाल के फैसले का समर्थन करती नजर आ रही हैं। वहीं कांग्रेस और भाजपा ने 'दो दिन बाद इस्तीफा' देने के फैसले पर केजरीवाल को घेरा है।



केजरीवाल की घोषणा के समर्थन में क्या बोले राघव चड्ढा?

आप के सांसद राघव चड्ढा ने अरविंद केजरीवाल के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री जी अग्निपरीक्षा से गुजरने के लिए तैयार हैं। अब यह दिल्ली की जनता के हाथ में है कि वह ईमानदार हैं या नहीं।' उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने 2020 में काम के नाम पर वोट मांगे थे और कहा था कि अगर मैंने काम किया है तो मुझे वोट दें, अगर मैंने काम नहीं किया है तो मुझे वोट न दें। चड्ढा ने आगे कहा, 'दिल्ली की जनता आप को वोट देकर मुख्यमंत्री को ईमानदार घोषित करेगी और आने वाले 2025 के दिल्ली चुनाव में दिल्ली की जनता उस चुनाव के जरिए अपने मुख्यमंत्री को ईमानदार घोषित करेगी।'

केजरीवाल को कांग्रेस ने घेरा

सीएम अरविंद केजरीवाल के 'मैं 2 दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं' वाले बयान पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने प्रतिक्रिया दी।

# टापू में तब्दील हुआ मझियारी तरहार, बढ़ी परेशानी





**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र में आयी बाढ़ ने यमुना किनारे बसे लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। प्रतापपुर गांव से मऊ चित्रकूट जाने वाले रास्ते में बुंदेला नाला के पास पानी भर जाने से आवागमन नाव द्वारा शुरू हो गया है।उधर प्रतापपुर व सेमरी तरहार गांव में यमुना किनारे बसे ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंच गया है। नौढ़िया तरहार,अमिलिया तरहार, महेरा, नागनपुर, गोझवार, पचवर, भभौर, पूरे किन्नर, चिल्ला के गौहानी गांव के खेतों में पानी पहुंच गया है।बाढ़ को देखते हुए तहसील प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना है।बाढ़ राहत चौकी पंडुवा,महेरा (मझियारी) में तहसील प्रशासन के साथ पुलिसकर्मी तैनात हो गये हैं।प्रतापपुर गांव से कौशाम्बी जाने वाली यात्री नाव को एहतियातन बंद करा दिया गया है।सबसे ज्यादा खतरा टापू बने मझियारी तरहार गांव पर मंडरा रहा है।अगर पानी इसी तरह बढ़ता रहा तो पानी गांव तक पहुंच सकता है।तहसीलदार गणेश सिंह ने बताया की तहसील प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।गांव वालों को सतर्क रहने की हिदायत दी जा चुकी है।अगर किसी तरह की दिक्कत आती है तो ग्रामीण सीधे उपजिलाधिकारी बारा व मुझसे सम्पर्क कर सकते हैं समस्या का तत्काल निदान कराया जाएगा।

# गणेश महोत्सव में हुआ जागरण का आयोजन, कलाकारों ने दी सुंदर भजनो की प्रस्तुति





**सहसों।** सहसों बाजार स्थित केसरवानी धर्मशाला में समस्त ग्राम वासियों के संयोजन में गणेश महोत्सव का पूजन समिति द्वारा पिछले नौ वर्षों से आयोजित होने वाले गणेश पूजन में शनिवार को भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें कई जिले के कलाकारों द्वारा पूरी रात भक्त श्रोताओं को सुंदर भजनों की प्रस्तुति से झूमने पर मजबूर कर दिया। विघ्नहर्ता गणेश जी की आराधना में आयोजित जागरण को भक्तिमय रूप देते हुए भदोही से पधारे अंतर्राष्ट्रीय गायक धीरेन्द्र तिवारी "पवन" नें गणेश वंदना में गाया कि - घर में पधारों गजानंद जी से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं शिव चंद्र दीवाना नें अपने लोकगीतों की प्रस्तुति से भक्तों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। वहीं महिला कलाकार एकता जायसवाल एवं आदित्य इलाहाबादी के जुगलबंदी गीत "हे गणेश के मम्मी तनी पाव भर भाँग पिसाय द ना " सुंदर भजन श्रोताओं में आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर राधा-कृष्ण, शंकर- पार्वती, काली माँ की अद्भुत झंकियों के द्वारा रात भर भक्ति रस में भक्त श्रोता गोता लगाते रहे। जागरण का विश्राम गणेश जी के अरदास के साथ हुआ। संचालन मशहूर हास्य व्यंग्य कवि धनंजय शाश्वत ने किया। आयोजन समिति के सदस्यों नें आये हुए समस्त कलाकारों का स्वागत एवं सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया। जागरण के उपरांत रविवार को पूजन समिति द्वारा "अब की बरस जरा जल्दी आना" आराधना भजन से भगवान श्री गणेश की मूर्ति का विसर्जन किया गया।

## न्यूज झरोखा

### टोंस में बाढ़ के पानी में डूबा युवक घंटों तलाश के बाद नहीं मिला युवक



**करछना** थाना क्षेत्र गंगा और टोंस नदी के किनारे गांवों में इस समय जल स्तर तेजी बढ़ने से रविवार को एक युवक टोंस नदी में समा गया घंटों कोशिश के बाद शव बरामद नहीं हो सका क्षेत्र के कटका देहली संपर्क मार्ग पर बन रही पुलिया के बगल में लगाई गई मिट्टी पर 16 वर्षीय युवक शिवा मेजा नेवढ़िया का निवासी है वह अपने ननिहाल आया हुआ था जो निर्माणधीन पुलिया के किनारे खडा होकर बाढ़ का पानी देख रहा था तभी उसका पैर फिसला और नदी में समा गया( आसपास के लोगो ने तलाश करने की कोशिश की लेकिन युवक को बचाया नहीं जा सका घटना लगभग एक बजे की बताई जा रही है स्थानीय गोताखोरों के द्वारा चार घंटे की तलाश के बाद भी सफलता नहीं मिली युवक की लाश की तलाश में स्थानीय पुलिस प्रशासन जुटी हुई है।

### विहार पुलिस की नाकामी से मृतक के परिजन परेशान, फोटो होने के बाद भी हत्यारों तक पहुंचने में नाकाम है विहार पुलिस



**मेजा।** मेजा के परनीपुर गांव के निवासी अभिषेक पांडेय (32)पुत्र गुलाबचंद पाण्डेय बिहार के मोहनिया (भभुवा) में चोला मंडपम फाइनेंस बैंक के कर्मचारी का नहर में शव मिला था।बिहार पुलिस युवक की नहर से लाश तक नही निकलवाई सूचना पर पहुंचे परिजन ग्रामीणों की मदद से नहर से लाश निकलवाई। वही बात करे विहार पुलिस की रवैया की तो बिहार पुलिश गुमशुदगी दर्ज करने के बाद नौवे दिन युवक की डेड बॉडी नहर में मिली अगर बिहार पुलिश गुमशुदी दर्ज करने के बाद सक्रियता पूर्वक छान बीन की होती तो शायद युवक के साथ ऐसी घटना न घटित होती। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद हत्यारो का फोटो होने के बाद भी मुजरिमों को पकड़ने में विहार पुलिस नाकाम है या तो उन्हें मोटी रकम मिल गई है जिसके वजह से विहार पुलिस की रवैया ऐसी हुई है।

### जगतपुर का विराट दंगल व मेले का आयोजन संपन्न



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के जगतपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास प्राचीन विराट दंगल और मेले का आयोजन संपन्न हुआ दंगल में प्रदेश के नामी गिरामी पहलवानों ने भाग लेकर अपना अपना जोर आजमाइश किया। जगतपुर चौराहे पर स्वर्गीय राम सुंदर सिंह यादव स्मारक समिति के द्वारा कई दशक से बड़का इतवार को विराट दंगल व मेला का आयोजन किया जाता है और दंगल में प्रदेश के नामी-गिरामी पहलवान सामिल हुए। मुख्य अतिथि श्यामलाल पाल प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि पवन द्विवेदी, डॉ आरके वर्मा, डॉ एस के सक्सेना, पहलवानों का हौसला बुलंद किया। इस अवसर पर दंगल के प्रबंधक राजीव कुमार यादव ग्राम प्रधान पहाड़पुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राज बहादुर यादव,अशर्फी लाल यादव, देवेंद्र कुमार एडवोकेट आदि संभ्रांति लोग उपस्थित रहे।

### चनेथू दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम, दी पटखनी



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े रविवार को चनेथू बजरंगपुरम में दंगल का आयोजन किया गया जिसमें दूरदराज से आए दर्जनों छोटे बड़े विभिन्न पहलवानों ने कुश्ती प्रतियोगिता में अपने अपने अंदाज में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पटखनी देकर विजय हासिल किया।दंगल स्व. पंडित दंगल दास शुक्ल द्वारा प्रारंभ किया गया था जो कि विगत कई वर्षों से अनवरत चला आ रहा है। दंगल में भाग लेने वाले दर्जनों पहलवानों को उचित पुरस्कार देकर आयोजकों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक एडवोकेट राजीव रत्न शुक्ल, एडवोकेट प्रेम शंकर शुक्ल, प्रशांत शुक्ल एवं अरुण प्रकाश शुक्ल, संगम लाल शुक्ल, हीरामनी शुक्ल, बाबुलनाथ शुक्ल, भानु प्रताप मिश्र, कृष्ण मोहन शुक्ल, बड़ेलाल दुबे, छोटेलाल दुबे, राम अभिलाष पांडेय, राजेंद्र शुक्ल, नागेंद्र शुक्ला, कपिल देव तिवारी, संतोष पांडेय, दिलीप कुमार दुबे, प्रदीप मिश्रा, विनय शुक्ल, डिंपल शुक्ला, अजय शुक्ला, प्रद्युम्न शुक्ला, शुभम मिश्रा, महेश त्रिपाठी, अविनाश मिश्र, सूरज कुमार, गौरव, दीपक, राज सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### त्योहारों को लेकर लालापुर थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

**लालापुर।** नवरात्र त्योहार और रामलीला मंचन सहित कई त्योहारों को लेकर लालापुर थाने में रविवार को क्षेत्र के गणमान्य लोगो के साथ एसओ लालापुर अजय कुमार मिश्र ने बैठक की । इस बीच मौजूद जन प्रतिनिधियों से एसओ ने गांव की अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली । लोगो के बीच एसओ ने कहा कि कही भी यदि कोई विवाद की संभावना हो तो उसे समय रहते पुलिस तक पहुंचाए जिससे कोई बड़ी बात होने से पहले बचा जा सके । साथ ही यह भी कहा कि त्योहार को पवित्रता और भाव पूर्ण से मनाए । अति उत्साह में कोई अनैतिक कार्य हुआ तो कानून भी कड़ाई से कार्रवाई करेगा । बैठक में ग्राम प्रधान लालापुर शंकरलाल पांडेय,अमिलिया प्रधान राजू उपाध्याय,सूर्यबली,सूरज शुक्ल,आशीष मिश्र, दीप चन्द्र शुक्ला ,राम मिलन प्रजापति,देवेश मिश्र सहित कई लोग मौजूद रहे ।

### अनवरत धरने के 11वें दिन भी डंटे रहे डीएलएड छात्र

**मांडा।** छात्र-छत्राओ का रोष अब बढ़ता जा रहा है उनकी मांग है कि सभी रिक्त पदो पर नई शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जल्द जारी किया जाय। धरने का नेतृत्व कर रहे डीएलएड मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशु यादव का कहना है कि प्रदेश में 6 साल से बेसिक विभाग में कोई भर्ती नहीं आई जिसके कारण 15 लाख से ज्यादा TET,CTET पास युवाओं का भविष्य खतरे में है। विशु यादव ने कहा कि अगर नई शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी नही हुआ तो 19 सितम्बर को नया शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज का बड़ी संख्या में घेराव किया जाएगा। धरने में विशु यादव के साथ नीरज ,सचिन सिंह,श्याम धर यादव, सोनू ,कप्तान ,अमित, विनय सिंह,श्यामधर आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ता के ऊपर जानलेवा हमला परिजनों को मिल रही धमकी



**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र के बिरगापुर गांव निवासी शारदा प्रसाद सिंह उच्च न्यायालय हाई कोर्ट इलाहाबाद में अधिवक्ता है। 4 सितंबर को सुबह खेत की बुवाई के दौरान उनके एवं बेटे अभिषेक के ऊपर लाठी डंडे एवं धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया। इस दौरान पिता पुत्र को गंभीर चोटें आई थी। इस मामले में थाना उतरांव में अधिवक्ता के तहरीर पर गांव के ही हीरामणि सिंह, शेषमणि सिंह, आलोक सिंह सहित कुल 8 लोगों के खिलाफ बलवा सहित मारपीट की धाराओं एवं जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। लेकिन आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी उतरांव पुलिस द्वारा नहीं की गई। गिरफ्तारी न होने से आरोपी गण जान से मारने की धमकी दे रहे हैं जिससे परिजन भयभीत हैं। बेटे अभिषेक ने बताया कि पिता का इलाज आज भी चल रहा है। अधिवक्ता शारदा प्रसाद सिंह ने पुलिस आयुक्त प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है।

# संगठन की मजबूती और महिलाओं की सुरक्षा ही हमारा है नैतिक कर्तव्य - रुचि तिवारी

**मेजा के विष्णु गेस्ट हाउस में शिवसेना की आयोजित हुई आवश्यक बैठक, संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा**



**मेजा।** रविवार को शिवसेना की आवश्यक बैठक पौसिया स्थित विष्णु वाटिका गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। जिसमें शपथ ग्रहण के साथ सैकडो सदस्यों ने शिवसेना की सदस्यता ग्रहण किया। शिवसेना की युवा क्रांति प्रयागराज से आगे बढते बढते आज प्रदेश के अधिकतर जिलों तक पहुंच चुकी है, भारी संख्या में लोग सदस्य बन रहे हैं। उल्लेखनीय कि शिवसेना की प्रदेश सचिव श्रीमती रुचि तिवारी के नेतृत्व में संगठन लगातार विस्तार कर रहा है। बैठक उपस्थित लोगों को संबोधित करती हुई श्रीमती तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और माताओ बहनो और बेटियों की सुरक्षा ही हम सभी लोगो का पहला कर्तव्य होना चाहिए। इसी क्रम में प्रदेश संगठन मंत्री अरविंद ने कहा संगठन को एक परिवार बनाकर आपस में प्रेम और सहयोग की भावना से पूरी लगन के साथ मजबूत करना है। इस मौके पर चंद्रमा प्रसाद शुक्ला काशी प्रांत संयोजक बब्लू उपाध्याय, डब्बू दुबे,सोनू सेठ शशि कांत वीपी सिंह, सुरेश, कुशवाहा, रोहन तिवारी,अमित मिश्रा, विकास तिवारी, रोहित शुक्ला, विनय तिवारी, बृजेंद्र कुमार पांडेय, गंगा प्रसाद मिश्र तथा ओम प्रकाश सिंह आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सोते समय शर्प के दंश लेने से गम्भीर महिला का उपचार के दौरान मौत

**मऊआइमा।** सोते समय शर्प के दंश लेने से अचेत महिला का उपचार के दौरान मौत हो गई।शव का पोस्टमार्टम के बाद अन्तिम संस्कार कर दिया गया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम देवगलपुर निवासी कन्हैयालाल पटेल की पत्नी कुंती देवी 35 वर्ष बीती रात घर के कमरे में सो रही थी। बताया गया है कि विषैले शर्प ने दंश लेने से कुंती देवी अचेत हो गई।जिसे पहले सीएचसी मऊआइमा ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। बताया गया है कि मृतक निःसंतान थी।पति मेहनत मजदूरी करता है।

# विकशित भारत के लक्ष्यों की वाहक भाजपा का सदस्य बन राष्ट्र निर्माण में करें सहयोग : योगेश

**मेजा के लक्षनपुर गांव में भाजपा नेता ने अभियान चलाकर सैकड़ों लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता**



**मेजा।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने क्षेत्र के लक्षनपुर गांव में पहुंचकर सैकड़ों की संख्या में लोगो को पार्टी का सदस्य बनाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन के सिद्धांतो और आदर्शों पर चलने वाली पार्टी है। श्री शुक्ल ने आगे कहा भारतीय जीवन दर्शन में मनुष्यता की लक्ष्यों को परिभाषित करने के लिए पुरुषार्थ , चटुष्ट का उद्घोष होता रहा है। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो इस प्रकार के राजनैतिक , सामाजिक , आर्थिक और सांस्कृतिक ढांचे के निर्माण एवं विकास में विश्वास करती हैं जिसमे प्रत्येक नागरिक अपने धर्म , अर्थ , काम और मोक्ष जैसे पुरुषार्थ को सहजता से सिद्ध कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है कि विकसित भारत के लक्ष्यों की वाहक भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनकर हम सब राष्ट्र के पुनः निर्माण सहयोग करें। इस मौके पर जगत नारायण पांडेय पूर्व मंडल अध्यक्ष , विनय शुक्ल महामंत्री मंडल मेजा ,राम प्रताप पांडेय, हरी मोहन पांडेय, रघुनंदन प्रसाद, राम सिंह कुशवाहा, सूर्य मणि यादव, कृपा शंकर शुक्ल,श्री कांत पांडेय, कृष्ण कांत शुक्ल,अरविंद कुमार जैसल, भोला नाथ कुशवाहा,राम बहादुर यादव, शिव बहादुर , सालिक राम मिश्र, हरी कांत पांडेय, गामा पटेल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# अमर शहीद नायक मनीष पाण्डेय द्वार का हुआ लोकार्पण





**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** जमुनीपुर गांव में अमर शहीद नायक मनीष पाण्डेय तोरणद्वार का लोकार्पण मनीष पांडे अमर रहे के नारों के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, सांसद प्रवीण सिंह पटेल एवं पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी फीता काट कर किया। इस मौके पर अपने उद्बोधन में सांसद प्रवीण सिंह पटेल ने कहा की जिन्होंने देश के लिए अपने आप को बलिदान किया उनके लिए देश और समाज को उनका सम्मान करना चाहिए। जो देश के लिए बलिदान होता है उससे ज्यादा कीर्तिवान कोई नहीं होता। इस कछारी क्षेत्र में ऐसी विभूतियां हुई हैं जो समाज के लिए नई रोशनी दिखाने का काम किए हैं। इसके पहले अतिथियों ने एवं साथ उपस्थित लोगों ने शहीद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ० वीके सिंह ने शहीद को नमन करते हुए कहा की इस क्षेत्र का मेरे ऊपर बहुत कर्ज है जिसे मैं उतारने आया हूं। गांव के प्रधानों से अनुरोध है की सड़क नाली जिला पंचायत से बनवाया जायेगा। इसके साथ ही जहां सोलर लाइट की लिस्ट दें उसे जल्द ही लगवाया जायेगा। जहां भी अंत्येष्टि स्थल है वहां पक्का घाट बनवाया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन रत्नराज सिंह ने किया। आयोजक देवेंद्र कुमार पांडेय एवं महेंद्र कुमार पांडेय ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शहीद के पिता नरेंद्र कुमार पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष अश्वनी द्ववेदी, अनिल कुमार पांडेय, राजेश पांडेय, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी, तारा सिंह, बिक्कू प्रधान, आमोद सिंह संजय समेत क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गणेश भगवान का आशीर्वाद पूरे क्षेत्रवासियों पर बना रहे यही कामना है- प्रशांत सिंह पूर्व विधायक



**धनूपुर।** श्री गणपति पूजन समारोह का आयोजन गणपति कमेटी हनुमान मंदिर बनपुरवां, धनूपुर में धूमधाम से किया गया मिशन चंद्रयान-3 के भव्य पंडाल में विराजमान गणेश भगवान का पूजन अर्चन एक सप्ताह किया गया। तत्पश्चात हवन आरती प्रसाद का वितरण कराया गया एक हफ्ते तक पूरा गांव भक्ति रस में सराबोर रहा विसर्जन के पूर्व रात्रि में वृंदावन से आये कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दिया। शनिवार शाम को गणपति विसर्जन के पूर्व आचार्यों द्वारा विधि विधान से गणेश भगवान की पूजा करवाई गई एवं शंख ध्वनि के बीच गणपति की आरती उतारकर जयकारों के साथ विसर्जन शोभायात्रा गाजे बाजे, ढोल नगाड़े, डीजे संग निकाली गई। गणपति विसर्जन कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक हंडिया प्रशांत सिंह ने कहा कि गणेश भगवान गजानन महाराज का आशीर्वाद कृपा दृष्टि पूरे क्षेत्रवासियों पर बनी रहे यही मन में अभिलाषा है और गणेश भगवान से यही कामना कर रहा हूं। इस अवसर पर बृजेश यादव ग्राम प्रधान बनपुरवा, चंद्रकांत पांडेय प्रधान धनूपुर, मुन्ना पांडेय प्रधान, पंकज पांडेय प्रधान, गणपति कमेटी के अध्यक्ष राहुल मोदनवाल, नीरज गुप्ता, राजकुमार मोदनवाल, बृजेश केशरी, अनिल मौर्य, राजू गुप्ता, उमाकांत मौर्य, शिवशंकर मौर्य, शिवा मोदनवाल, धीरज गुप्ता, सृजन गुप्ता, विक्की केशरी, श्रीभगवान केशरी, धीरज, प्रदूम, सत्यम, बाबा, प्रदीप, कल्लू, मथुरा, राज जायसवाल, अंकित, सचिन, महेश, लड्डू, सांई राज सहित तमाम ग्रामवासी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# श्रीईश्वरदीन छेदीलाल इं.कालेज में कवि सम्मेलन का आयोजन



**जसरा।** हिन्दी दिवस के अवसर पर श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण कुमार शुक्ल ने किया तथा विज्ञान भूषण विजय चितौरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणा पाणि सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं कवि डॉ० अमरनाथ सिंह की वाणी वंदना से हुआ। कार्यक्रम में दिवंगत अवधी भाषा के लोक कवि स्वर्गीय रामलोचन सांवरिया को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों ने अपनी स्वरचित रचनाओं से लोगों को मन्त्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० योगेन्द्र सिंह ने सभी अतिथि एवं कवियों के प्रति आभार प्रकट किया । कवियों की श्रृंखला में गीतकार राजेन्द्र शुक्ल ने कहा ह्यराष्ट्र की भाषा बनाकर करिए नित सम्मान, इसी तरह कवि वीरेंद्र कुसुमाकर ने हिंदी पर अपनी रचना पढ़ते हुए कहा ह्यदेव वाणी से मिली उपहार है हिंदी, डॉ० अमरनाथ सिंह ने अपनी पंक्तियों को कुछ इस प्रकार पढा भारत के गौरव की भाषा हिंदी हिंदुस्तान की,कवि सबरेज अहमद ने हिंदी को याद करते हुए कहा कि हिंदी भुला दिए तो तुम्हें जानेंगे कैसे, इसके अतिरिक्त कवि निखिल मालवीय ,राजेंद्र प्रसाद ,लखन प्रतापगढ़ी आदि कवियों ने भी अपनी रचनाएं पढ़कर श्रोताओं को आत्मविभोर कर दिया। इस अवसर पर सुनील साहू,राजेश द्विवेदी, कुलभूषण मिश्रा, अचलेन्द्र जायसवाल, चंद्रशेखर, राकेश श्रीवास्तव, विकास केसरी, राजेन्द्र प्रसाद, शिल्पा यादव ,वीरेंद्र कुमार, बृजेश प्रजापति, अखिल कुमार, शिव कुमार केसरवानी, दयाशंकर यादव आदि अध्यापकों के साथ सैकड़ों छात्र गण मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से किसी भी समय हो सकती है घटना

**दास्तान ए नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र**





**कोरांव।** सरकार द्वारा मांडा कोरांव ब्लॉक एरिया सहित करीब डेढ़ दर्जन नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण करीब दो साल से प्रारंभ हुआ किंतु अभी तक फाइनल नहीं हो सके।

बतादें कि कोरांव ब्लॉक में ग्राम अल्हवा सहित कई स्थानों पर निर्माण कार्य दाई संस्थाओं ने बड़ी लापरवाही और गणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कराकर सरकारी मशीनरी को बदनाम कर दिया है। अल्हवा सहित कई उप नवीन स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण तो नहीं हुआ किंतु दौरान निर्माण कार्य केंद्रों के गेट और दीवारें जरूर गिर गईं। आरोप है कि उक्त केंद्रों का निर्माण कार्य बहुत ही घटिया हुआ है। जिससे उनके भवनों का भविष्य बेहतर नहीं दिख रहा। ग्राम के प्रधानों की बातों पर यकीन किया जाए तो ठिकेदार लोग बहुत ही मनमानी और घटिया किस्म की सामग्री से अस्पताल निर्मित करा रहे है। इस बाबत विधायक और एमएलसी ने भी सीएमओ प्रयाग राज को पत्र लिखा है कि उक्त केंद्रों को अविलंब फाइनल निर्माण करा कर लोकार्पण कराया जाए। और कार्य पूर्ति ग्राम पंचायतों से प्रमाणित कराया जाए। उक्त केंद्रों पर अभी तक बिजली के उप करण भी नही लगाए जा रहे हैं। न ही ट्रांसफार्मर लगे। ग्राम पंचायत अल्हवा में स्थित निमार्णाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र में खुले आम लैट्रिन के गढ़े बनवा कर खुले आम छोड़ दिए गए हैं जिससे जानवर,या बच्चे किसी भी समय गिर कर मर सकते हैं।

उक्त केंद्र का ग्राम प्रधान अल्हवा शहजादे ने लोगों की शिकायत पर स्थलीय निरीक्षण किया। देखा गया कि जिसमें लैट्रिन के खुदे गढ़े और खुले ढक्नों से किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है। इस की सूचना अधीक्षक सीएचसी कोरांव डा समीम अख्तर से ग्राम प्रधान ने की तो उन्होंने कर्गवाही का आश्वासन दिया। इसके पूर्व भी अधीछक कई बार फोन ठिकेदार को कर चुके हैं। किंतु ठिकेदार नहीं सुनते। फिलहाल यदि समयंतर्गत उक्त केंद्र निर्मित हो जाते तो ग्राम सभाओं में फैली बीमारियों की रोक थाम में सहूलियतें हो जाती जनता को। पता चला है कि उक्त के केंद्रों का निर्माण कार्य स्टेट स्तर से ही रहा है जिससे बीच वाले कोई कार्यवाही नहीं कर पा रहे। परिणामतः केंद्रों का निर्माण कार्य राम भरोशे ही गया है। ग्रामीण चिकित्सा सुविधा के लिए परेशान हैं। सुदूर सीएचसी जाना पड़ता है। इस संबंध में सीएमओ प्रयागराज से संपर्क का प्रयास किया गया किंतु वार्ता नहीं हो सकी।

# तीन मंजिला मकान में लगी आग, लोगों ने पड़ोसी की छत पर कूदकर बचाई जान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कीडगंज थाना क्षेत्र के नेता नगर चौराहे के पास रविवार शाम एक मकान के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कपड़े की दुकान में आग लग लग गई। माकेट में कई और दुकानें हैं। कपड़े की दुकान से फैली आग पहली मंजिल तक पहुंच गई। आग लगने से अफरातफरी मच गई। ऊपर की दो मंजिलों में परिवार के लोग रहते हैं। ऐसे में दुकान में धुआं उठने के बाद लपटें निकलने लगीं। फस्ट और सेकेंड फ्लोर पर रहने वाले लोग छत पर भागे और दहशत में छत के रास्ते पड़ोसी की छत पर कूद गए। हालांकि आग फैलने से पहले सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने काबू पा लिया।

**बिजली विभाग के रिटायर्ड अधिकारी आरके शुक्ला का है मकान :** बिजली विभाग के रिटायर्ड अधिकारी आरके शुक्ला का तीन मंजिला मकान है। ग्राउंड फ्लोर पर कंप्यूटर सेंटर, क्लीनिक और उसके बाद कपड़े की दुकान है। ऊपर के हिस्सों में परिवार के लोग रहते हैं। रविवार होने की वजह से दुकानें बंद थीं। सबसे पहले कपड़े की दुकान से धुआं उठा। आग फैलते फैलते फस्ट फ्लोर तक लग गई। पूरे घर में धुआं भर गया। अफरातफरी के बीच घर में मौजूद लोग मकान से निकल गए। दो दमकलों ने पहुंच आग पर काबू पाया। फायर सर्विस के लोगों ने बताया कि आग के भीषण रूप धारण करने से पहले काबू पा लिया गया अन्यथा तीनों मंजिल पर फैल जाती। हालांकि कई लाख का नुकसान हुआ है।



### दरगाह की भीड़ से चेन, बैग उड़ाने वाली महिलाएं अरेस्ट

**प्रयागराज।** उर्स के दौरान महिलाओं की भीड़ के बीच घुसकर सोने की चेन, पर्स आदि चोरी करने वाले दो महिलाओं को पुलिस ने अरेस्ट किया है। दोनों महिलाएं प्रयागराज जंक्शन के लाइन शाह बाबा दरगाह पर भीड़ का फायदा उठाकर लोगों का सामान उड़ा देती थीं। कई बार चोरी की शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी खंगालने शुरू किए तो मामला खुल गया ।सीसीटीवी फुटेज दिखाकर पुलिस ने पहचान कराई और आसमा परवीन और रूबी अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी के 3400 रुपये और सोने का लाकेट बरामद हुआ है ।खुल्दाबाद थाने की पुलिस ने दोनों को डीएसए ग्राउंड के पास से अरेस्ट किया। पहले तो वह नाटक करती रहीं कि वह दरगाह पर नहीं गईं थीं लेकिन जब पुलिस ने उन्हें सीसीटीवी फुटेज दिखाई तो उनके होश उड़ गए। जिस महिला का लाकेट चोरी हुआ था उसे बुलाया गया तो वह महिला पहचान गई कि दरगाह पर यह महिलाएं उसके आसपास थीं।

**पकड़ी गईं महिलाएं :** आसमा परवीन पत्नी मो. कैफुल निवासी कसारी–मसारी थाना धूमनगंज, उम्र लगभग 36 वर्ष। रुबी अंसारी पत्नी आदिल अंसारी निवासी एक मिनारा मस्जिद कसारी मसारी थाना धूमनगंज, उम्र लगभग 38 वर्ष।

# प्रयागराज के डीएम रवींद्र कुमार ने संभाला कार्यभार

## पहले मंदिरों में टेका मत्था, संभाली कुर्सी, अफसरों से की मुलाकात

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज के नए डीएम रवींद्र कुमार मंदर ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया। वह जौनपुर से सीधे प्रयागराज पहुंचे। यहां सबसे पहले बड़े हनुमान मंदिर का दर्शन करने पहुंचे थे, लेकिन मंदिर के अंदर नहीं जा सके। क्योंकि वहां गंगा और यमुना का जल भरा हुआ है। इसके बाद वह यमुना तट पर स्थित मनकामेश्वर मंदिर पहुंचे यहां भगवान शिव का दर्शन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।इसके बाद वह सर्किट हाउस फिर कलेक्ट्रेट में स्थित कोषागार कार्यालय पहुंचे थे। शाम 4:15 बजे उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया। कोषाधिकारी नितेश मिश्र ने विभिन्न अभिलेखों से रूबरू कराया।

**अफसरों से डीएम ने की मुलाकात :** यहां पर अफसरों से उन्होंने मुलाकात की और उनका परिचय प्राप्त किया। करीब 15 मिनट के बाद वह फिर सर्किट हाउस पहुंचे थे। यहीं पर उन्होंने अधिकारियों के संक्षिप्त बैठक भी की। कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार पहुंचकर वह चार्ज लेंगे।

**2012 बैच के हैं आईएएस अफसर :** यह मूलतः राजस्थान के जयपुर के रहने वाले हैं और 2012 बैच के आईएएस अफसर हैं। इसके पहले वह जौनपुर और रामपुर जनपद में बतौर जिलाधिकारी रहे। बता दें कि यहां के निवर्तमान जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल को आजमगढ़ जनपद का डीएम बनाकर भेजा गया है।

# गणेशोत्सव समिति ने पत्रकारों का किया सम्मान



**नैनी।** नैनी यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव आयोजन समिति ने गणेश उत्सव की पूर्णता पर काजीपुर स्थित सुंदरम गेस्ट हाउस में बाटी चोखा कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें नैनी के प्रतिष्ठित पत्रकारों को गणेशोत्सव में उनके अमूल्य सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले पत्रकारों में प्रमुख रूप से शिव मूरत केसरवानी, हजारीलाल कुशवाहा, राजीव वर्मा, नरेंद्र श्रीवास्तव, सुनील गिरि, गौरव केसरवानी, सुनील केसरवानी, अखिलेश शुक्ला, घनश्याम शुक्ला, राकेश गुप्ता, श्याम वर्मा, राहुल जायसवाल आदि रहे। आयोजन समिति ने अपने सभी दानदाताओं, सहयोगियों, पदाधिकारियों, युवा मंडल, महिला मंडल, जिला प्रशासन एवं पत्रकार बंधुओ को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संयोजक महेश मधुकर मंगरूलकर , सह संयोजक राज कुमार त्रिपाठी एवं रवि किरण सिंह, अध्यक्ष अनिल कुमार विश्वकर्मा, महामंत्री बालकृष्ण मिश्रा, मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला, महिला अध्यक्ष रेखा श्रीवास्तव, युवा मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री आनंद सिंह एवं जतिन ठाकुर, आकाश जायसवाल, शालिनी त्रिपाठी, ज्योति मंगरूलकर, उषा पांडेय, अलका विश्वकर्मा, गुड़िया सिंह, मंजू तिवारी, पुष्पा सिंह आदि उपस्थित रहे।



# बाढ़ में घिरे गांवो की काटी गई बिजली

**झूंसी।** बाढ़ की वजह से शनिवार शाम को झूंसी के आधा दर्जन गांवों की बिजलीं काट दी गई। बिजलीं कटने की वजह से बाढ़ प्रभावित लोगों को जहरीले जंतुओं का खतरा सताने लगा है। लगातार बढ़ रहे गंगा जमुना के जलस्तर की वजह से झूंसी के गारपुर मार्ग पर दस फिट से अधिक पानी हो गया है। आवागमन में लिए प्रशासन की ओर से पांच छोटी वह दो बड़ी नाव लगाई गई है पर लाइट का कोई प्रबंध नही किया गया। चारो तरफ पानी भर जाने की वजह से बदरा, सोनवटी, ढोलबजवा की बिजलीं काट दी गई। जिसकी वजह से बाढ़ में घिरे पांच हजार मकान प्रभावित है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बाढ़ में ये समस्या आती है इसका समाधान नही हो रहा है। 24 घंटे से अधिक समय से बिजली कटे होने की वजह से लोगों के इनवर्टर भी बोल गए हैं। लाइट के लिए प्रशासन की ओर से कोई प्रबंध नही किया गया। लोग मोमबत्ती के सहारे रात काट रहे है।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

### बाढ़ पीड़ितों लोगो का जाना हाल, प्रशासन की व्यवस्था पर उठाया सवाल



**झूंसी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल रविवार को बाढ़ प्रभावित गाँवो बदरा, सोंनौती, हेतापट्टी, शेरडीह आदि गाँवों का दौरा कर बाढ़ पीड़ितों से मिले। गाँव वालों ने सपा प्रदेश अध्यक्ष को बाढ़ के चलते आ रही दिक्कतों को बताते हुए कहा कि धान की फसल बड़े पैमाने पर डूब गई है।नाव के सहारे लोंगो का आवागमान हो रहा है। चूँकि लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं ऐसे में रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। सर्वाधिक परेशानी पशुओं को लेकर है उनके रहने और खाने का प्रबंध मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन से गाँव में बिजली नहीं है जिसके चलते पानी टंकी सेपानी सप्लाई नहीं हो पा रहा है। लोग अँधेरे में रहने को विवश है। लोंगो ने जनरेटर लगाने की जरुरत बताई ।स्वास्थ्य सुविधाओं का अकाल है। अभी तक कोई टीम नहीं लगाई गई है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रशासन की सुस्ती पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि भाजपा सरकार पीड़ितों कि मदद करने में सबसे फिसड्डी साबित होती है। बाढ़ पीड़ितों से मिलने के दौरान एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, अमर नाथ सिंह मौर्य, पार्षद कन्हाई लाल, राम प्रताप यादव, दान बहादुर मधुर, सचिन श्रीवास्तव, डॉ राजेश यादव, संगमलाल, शिलवंत, बाल्केशर यादव, अनिल यादव, संजय प्रधान, कल्लू, सुभाष, मानसिंह, आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### हिन्दी हमारी संस्कृति की आत्मा हैं : जन कवि प्रकाश




**प्रयागराज।** ये विचार आशुतोष मेमोरियल स्कूल, धनैचा–मलखानपुर के परिसर में हिन्दी दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए, प्रयागराज के लब्धप्रतिष्ठ कवि और रचनाकार जन कवि प्रकाश जी ने व्यक्त किये। उन्होने कहा कि यह महत्वपूर्ण नही है कि हिन्दी राष्ट्रभाषा है या नही, लेकिन यह अति महत्वपूर्ण है कि हमारे भारतवर्ष के सुदूर उत्तर के कश्मीर से दक्षिण में कन्याकुमारी तक हर व्यक्ति हिन्दी जानता भी है, समझता भी हैं। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्जवलन, माँ सरस्वती की वंदना एवं विद्यालय के कुलगीत से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में बाल वाटिका, प्राथमिक वर्ग और माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए महापुरूषों की जीवनी, कविता लेखन, कवितापाठ और निबन्ध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के अनुरूप गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल और ब्रोंज मेडल के साथ प्रमाण देकर मुख्य अतिथि, विद्यालय के चेयरमैन प्रोफेसर जे॰ पी॰ एन॰ मिश्रा एवं निदेशक डा॰ गिरीश कुमार पाण्डेय ने सम्मानित किया और उन्हें प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक वातेन्द्र सिंह राजपूत ने किया एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री अमित कुशवाहा, महेन्द्र श्रीवास्तव, श्रेया पाण्डेय, पंकज वर्मा, शोभित त्रिपाठी, दीपांशु पाण्डेय एवं अन्य ने प्रतियोगिताओं के आयोजन में सक्रिय योगदान दिया।

### शिवम अक्षयवट हॉस्पिटल में स्वस्थ जीवन शैली विषय पर कार्यक्रम संपन्न हुआ




**नैनी।** नैनी रविवार को आरोग्य भारती नैनी के तत्वाधान में शिवम अक्षयवट हॉस्पिटल नैनी में स्वस्थ जीवन शैली विषय पर कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरोग्य भारती संगठन के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ अशोक वार्ष्णेय थे ।मंच पर आरोग्य भारती काशी प्रांत के उपाध्यक्ष नागेन्द्र, संगठन सचिव डॉ अजय मिश्र एवम कार्यकारिणी सदस्य तथा आरोग्य भारती प्रयागराज के विभाग संयोजक वैद्य एस के राय तथा शिवम अक्षयवट हॉस्पिटल के निदेशक डॉ एस के राय उपस्थित थे। डॉ अशोक वार्ष्णेय ने स्वस्थ जीवन शैली, उचित आहार विहार तथा निरोधात्मक स्वास्थ्य पर प्रकाश डाला। डॉ ए के राय ने अपने सारगर्भित वक्तव्य के बाद आरोग्य भारती के समस्त पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में शिवम अक्षयवट हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ, पीडीए कॉलोनी नैनी के गणमान्य प्रबुद्ध नागरिकों के साथ विवेक सिंह भदौरिया, कृष्ण कुमार दुबे, डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, नागेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वैद्य एस के राय ने तथा कार्यक्रम का समापन आरोग्य भारती नैनी के संयोजक डॉ धीरेंद्र सिंह ने शांति मंत्र के द्वारा किया।

# ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को लेकर एसपीओ टीम की बैठक संपन्न हुई



नैनी नैनी एसपीओं टीम की एक आवश्यक बैठक जन सम्पर्क अधिकारी शेख लियाकत अली के आवास पर सम्पन्न हुई जिसमें एसपीओ टीम के सदस्यो को जुलूस ड्यूटी के बारे मे बताया गया और सदस्यों को उनकी वर्दी को लेकर उप प्रभारी ने जागरूक किया और वर्दी मे रहने का विशेष महत्व बताया और वर्दी के साथ ड्यूटी करने के लिए प्रोत्साहित किया, थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा ने एसपीओ के कार्यो के बारे मे सभी को अवगत कराया एवं टीम के सदस्यो को वर्दी के साथ जिनके पास जूते नहीं थे उनको टीम की तरफ से जूते उपलब्ध कराये गयें और मोनो ग्राम भी वितरित किए गये जुलूस सोमवार को दोपहर दो बजे मलहरा फाटक से होकर गुजरेगा उसी में एसपीओं टीम के सदस्यों एव अधिकारियो को सम्मिलित होना है अतः सभी लोग दोपहर दो बजे मल्हरा क्रासिंग पर उपस्थित हो जाये। परवेज अहमद व शेख लियाकत अली बताते हैं कि ईद मिलादुन्नबी इस्लाम के इतिहास का सबसे अहम दिन माना जाता है। पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म इस तीसरे महीने के 12 वें दिन हुआ था। उन्ही की याद मे जुलूस निकाला जाता है। बैठक में उपस्थित प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जन सम्पर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी विरेन्द्र पटेल एरिया इन्चार्ज प्रदीप कुमार सुशील शर्मा दिनेश केसरवानी रामजी जायसवाल अश्वनी शर्मा राकेश सोनकर सरयू सिंह पकज मलिक आशीष रावत फिरोज सुरेन्द्र गुप्ता राजू वर्मा अंकित केसरवानी रामजी गौड़ आदि लोग उपस्थित रहे।

# नैनी में गणेश उत्सव में विशाल भंडारा का आयोजन



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के शंकरढाल के निकट खुराना मार्केट में चल रहे गणेश उत्सव के नौवें दिन पूजा पंडाल में गणेश जी की पूजा - अर्चना के बाद विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। इस दौरान हजारों भक्तो ने प्रसाद को ग्रहण किया। देर रात तक भक्तों की अच्छी खासी भीड़ पंडाल में बनी रही। समाजसेवी राजेश साहू ने कहा की विघ्नहर्ता भगवान गणेश सभी की मनोकामनाओं को पूर्ण करते है। इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में आस्था का माहौल बनता है। गणेश उत्सव के दौरान होंने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम को सराहा। इस मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी राजेश साहू, विनय सिंह, मोनू सिंह, संतोष त्रिपाठी, अतुल केसरवानी, डॉ संदीप पाल, कुलदीप शर्मा, लकी, विनोद केसरवानी, टुनटुन पांडे, अमित सिंह, पप्पू साहू, विशाल गुप्ता, विकास गुप्ता, रितेश गुप्ता, विजय गुप्ता, रजत द्विवेदी, राजा केसरवानी, संजू विश्वकर्मा आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# चलती बस में हार्ट अटैक से इंस्पेक्टर की मौत, लखनऊ पुलिस लाइन में थे तैनात

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** लखनऊ से प्रयागराज आ रहे इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा (35) रविवार भोर में बस में संदिग्ध हाल में मृत पड़े मिले। जीरो रोड बस अड्डे पर पहुंचने पर कंडक्टर उन्हें जगाने पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। आशंका है कि हार्ट अटैक से उनकी मौत हुई। फिलहाल खबर लिखे जाने तक पोस्टमार्टम की कार्रवाई चलती रही।अनुराग पुत्र शिव कुमार शर्मा मूल रूप से नवीन नगर, थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर के रहने वाले थे। वह प्रयागराज में करेली, खुल्दाबाद, घूरपुर थाना प्रभारी के साथ ही एसओजी प्रभारी के पद पर भी तैनात रहे। 13 दिसंबर 2023 को उनका लखनऊ स्थानांतरण हो गया था और मौजूदा समय में वह न्यायालय सुरक्षा में तैनात थे। उनकी पत्नी व दो बच्चे खुल्दाबाद थाना परिसर स्थित सरकारी क्वार्टर में रहते हैं।



**लखनऊ से मिजार्पुर के लिए निकले थे :** ड्यूटी खत्म होने के बाद शनिवार रात वह लखनऊ से प्रयागराज आने के लिए बस पर सवार हुए। बस को प्रयागराज होते हुए मिजार्पुर जाना था। रात 2:30 बजे के करीब बस जीरो रोड बस अड्डे पर पहुंची। इस दौरान अनुराग को छोड़कर अन्य सभी यात्री नीचे उतर गए ।कंडक्टर उन्हें जगाने पहुंचा तो कई बार आवाज देने के बाद भी उन्होंने आंखें नहीं खोली। जगाने की कोशिश पर पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। इसके बाद कोतवाली पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में पर्स से मिले आईडी कार्ड व मोबाइल से उनकी पहचान हुई।तब तक एसीपी कोतवाली भी आ गए। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। जांच पड़ताल के बाद शव मर्चरी भेजवा दिया गया। सुबह अफसर व बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी मर्चरी पहुंचे। दोपहर में उनके बड़े भाई अंकित शर्मा व अन्य परिजन भी आ गए। शाम पांच बजे के करीब पोस्टमार्टम शुरू हुआ और खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी।

**पिता का भी सेवा में रहते हुआ था निधन :** अनुराग के पिता शिव कुमार शर्मा पुलिस विभाग में उप निरीक्षक थे। उनका निधन भी सेवा में रहते ही हुआ था और उनकी जगह ही मृतक आश्रित कोटे में अनुराग को नौकरी मिली थी। 10 जनवरी 2012 को उनकी पुलिस विभाग में उप निरीक्षक पद पर नियुक्ति हुई। ट्रेनिंग के बाद उनकी पहली तैनाती बागपत जनपद में रही और इसके बाद वह जालौन में तैनात रहे। आठ मार्च 2019 से वह प्रयागराज में तैनात रहे और यहीं इंस्पेक्टर के पद पर प्रोन्नत भी हुए।

# महापौर उमेश चंद गणेश केसरवानी ने दाधिकान्दों मेला कीडगंज क्षेत्र का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** रविवार को उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी महापौर प्रयागराज द्वारा दाधिकान्दों मेला कीडगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पार्षद किरन जायसवाल,रुद्रसेन,मुकेश कुमार लारा मेला समिति के पदाधिकारी, जोनल अधिकारी संजय मामगायी, सतीश कुमार मुख्य अभियन्ता सिविल, कौसलेन्द्र चौधरी अदिशासी अभियंता विकास प्राधिकरण प्रयागराज सहायक अभियन्ता विधुत, संघ भूषण जोनल प्रबन्धक,जलकल राम सक्सेना अवर अभियंता उपस्थित रहे। त्रिवेणी रोड व शंकर लाल भार्गव रोड जिसके चौड़ीकरण व विदुतिकरण का कार्य विकास प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है दोनों सड़को की रोड व पटरी पूर्णतः क्षतिग्रस्त है जगह जगह पर विदुत के तार डालने हेतु गड्ढे किए हुए है जिसमे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है नलियों की कनेक्टिंग नहीं है सभी गली के मोड़ो पर गड्ढे है मानक के अनुरूप कार्य न करने व आदेशों की अवहेलना के फलस्वरूप माननीय महापौर द्वारा विकास प्राधिकरण के ठेकेदार पर रुपया 5.00 लाख का जुमार्ना लगाया गया तथा उपस्थित अभियंता चौधरी को बिल से काटने के आदेश के साथ सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को गड्ढा व मलवा मुक्त मेला से पूर्व करने के आदेश दिये भी दिये गये। साथ ही संबंधित सहायक अभियंता व अवर अभियंता के स्पष्टीकरण की माँगे गये मेला मार्ग पर कतिपय स्थानों पर विधुत के बिन्दु बुझे विधुत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि मेले के दौरान विधुत व पेयजल की व्यवस्था निर्वाध रूप से चालू रखी जाय जिससे किसी प्रकार का व्यवधान न हो। महापौर जी द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पूर्व वर्षो की भॉति मेले से पूर्व सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाय जैसे मुख्य मार्ग व लिंग मार्ग पर पैच वर्क,समुचित सफाई,चूने का छिड़काव, फागिंग,मार्ग प्रकाश/ अस्थाई प्रकाश व्यवस्था,शुद्व पेयजल की आपूति टैंकर, मोबाईल टायलेट,टूटे सीवर के ढक्कनों के बदलने का कार्य,लीकेज को ठीक करने की व्यवस्था, आवारा पशुओं की रोक थाम,अतिक्रमण हटाने का कार्य आदि। उक्त में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।



### नहीं रहे गरीबों के मसीहा डॉक्टर अनवार अहमद



**नैनी।** प्रयागराज शहर के माने जाने डॉक्टर गरीबों के मसीहा अति सरल व्यवहार कुशल सभी वर्गो के लिए समर्पित सबके प्रिय जहांगीर मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट नैनी अस्पताल के निदेशक डॉ0 अनवार अहमद का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार की रात में लगभग 3:00 बजे निधन हो गया। वह कई पदों पर रहते हुए अपने कार्यों को बड़े अच्छे ढंग से निर्वाह करते हुए शरीर को त्याग दिए। उनकी अंतिम शव यात्रा सायं काल 3:00 बजे उनके आवास महेवा से निकाल कर बहादुरगंज गए, वहां पर जनाजे की नमाज पढ़ने के बाद कीडगंज स्थित दादा मियां के मजार पर ले जाकर सुपुर्द– ए– खाक किया गया। इस मौके पर जहांगीर अस्पताल के सभी स्टाफ, शुभचिंतक एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विजयरानी पत्नी स्व विजय सोनकर निवासी बिहका उर्फ पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज की रहने वाली हूं प्रार्थिनी के तीन पुत्र है छोटा वाला बेटा अंचल सोनकर प्रार्थिनी की बात नहीं मानता आए दिन वह किसी न किसी से विवाद करता है और प्रार्थिनी को खर्च नहीं देता है उसके चाल चलन आचरण से प्रार्थिनी और परिवार के लोग त्रस्त हो चुके है जिसके चलते प्रार्थिनी अपने तीसरे बेटे अंचल सोनकर को अपने समस्त चल अचल संपत्ति से आज से बेदखल करती है अंचल सोनकर कोई गैर कानूनी कार्य करता है तो प्रार्थिनी और उसके परिवार का उससे कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा ।

**विजयरानी पत्नी स्व विजय सोनकर निवासी बिहका उर्फ पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज।**

## उपभोक्ता संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** सक्षम फाउण्डेशन द्वारा वकिास खंड कालाकांकर के कुसुवापुर बाजार में उपभोक्ता संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष डॉ0 रणजीत सिंह ने कहा कि उपभोक्ताओं के शोषण का मुख्य कारण उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक न होना है। उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना चाहिए। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अवधेश कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर एक महत्वपूर्ण अप्रत्यक्ष सेवा कर व्यवस्था है जिसे एक जुलाई, 2017 से देश में लागू किया गया, इसे लागू करने के लिए संविधान में संशोधन भी किया गया। इस अवसर पर सचिव मनीष सिंह, डॉ नवीन सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह, रविशंकर, संदीप, अंजली शुक्ला, रूबी जायसवाल, श्रद्धा, संजय कुमार, तेज प्रताप, अरुण, दीपिका पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# मातृ भाषा के प्रयोग से तेजी से होता है मानसिक विकासः आंनद मोहन ओझा

### हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा हिन्दी दिवस पर शारदा संगीत महाविद्यालय में हिन्दी के अधिक से अधिक प्रयोग के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार एवं बाल न्यायाधीश डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहाकि हिन्दी हमारी मातृभाषा है। इसे राष्ट्रभाषा घोषित किया जाना चाहिए। हमको हिन्दी में सोचना, लिखना और पढ़ना चाहिए।

मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रबंधक व अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि मातृभाषा के प्रयोग से मानसिक विकास तेजी से होता है। हिन्दी को बचपन से



संगोष्ठी में बोलते महाविद्यालय के प्रबंधक आनंद मोहन ओझा।

ही सिखाया जाना चाहिए। इस दौरान प्राचार्य बीना श्रीवास्तव ने हिन्दी बोलने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर शिक्षक अशोक तिवारी, दीपक श्रीवास्तव, शेफाली सोनी, ऋतुराज सरोज, दीपा मोदनवाल, किरन देवी, श्रेया तिवारी, दीपिका, अभिनव पाल, आराध्या श्रीवास्तव, शिवम उमरवैश्य, अंकुर पांडेय, अंशिका शुक्ला, प्राची सिंह, तन्वी श्रीवास्तव एवं रोहित आदि उपस्थित रहे।

# विश्वश्रैया के जन्मदिन व आरके दत्ता की पुण्यतिथि पर हुए विविध कार्यक्रम

### डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने रक्तदान कर किया वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 डिप्लोमा इन्जीनियर्स महासंघ में अभियन्ता दिवस के अवसर पर स्व0 इं0 एम0 विश्वश्रैया के जन्मदिन एवं स्वं इं0 आर0के0 दत्ता के पुण्यतिथि पर सभा आयोजित की गयी। सभा की अध्यक्षता इं अतुल कुमार यादव, जनपद अध्यक्ष उ0प्र0 डिप्लोमा इन्जीनियर्स महासंघ एवं कुशल संचालन इं0 रविशंकर सिंह जनपद सचिव उ0प्र0 डिप्लोमा इन्जीनियर्स महासंघ द्वारा किया गया।

सभा में उपस्थित इं0 विनोद चौरसिया मण्डल उपाध्यक्ष, इं0 राजेन्द्र कुमार पाल, इं0 विक्रमादित्य कुशवाहा एवं अन्य सदस्यों द्वारा अभियन्ता दिवस एवं इं0 आर0के0 दत्ता के पुण्यतिथि पर अपने विचार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण एवं दरिद्र नारायण भोज का भी कार्यक्रम आयोजित किया



चित्र पर माल्यार्पण करते डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के पदाधिकारी।

गया। इसके साथ-साथ विशेष रूप से पूर्व वर्षों की भांति इं0 स्व0 आर0के0 दत्ता जी की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्तदान भी किया गया। रक्तदान करने वाले इन्जीनियरों में इं0 छविराज यादव, लोक निर्माण विभाग, इं0 रविशंकर सिंह, सिचाई विभाग, इं0 अरविन्द सिंह यादव, सिंचाई विभाग, इं0 प्रभात कुमार, सिंचाई विभाग, इं0 राजूकान्त चैधरी, सिंचाई विभाग, इं0 मनोज कुमार वर्मा, सिंचाई विभाग, इं0 विनोद कुमार चौरसिया, लोक निर्माण विभाग, इं0 महेश यादव, लोक निर्माण विभाग, इं0 गोविन्द राज, सिंचाई विभाग व इ0 अभय राज यादव, सिंचाई विभाग शामिल रहे।

## स्कूली वाहन से बाइक सवार को मारी टक्कर, प्रयागराज रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ जमीनी विवाद में तोड़फोड़ का केस दर्ज किया है। परसीपुर सिंधौर के महेन्द्र वर्मा की पत्नी मोहिनी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि ग्यारह सितम्बर को दोपहर उसके निर्मित पिलर को देवर जीतेन्द्र वर्मा तथा ननद बबिता व किरन ने जबरिया तोड़ दिया।

पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली देते हुए मारपीट कर उसे चुटहिल कर दिया। पुलिस ने जीतेन्द्र समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं लीलापुर थाना क्षेत्र में एक स्कूली बस चालक पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का भी केस दर्ज हुआ है। बिसई त्रिलोकपुर निवासी दिलीप कुमार वर्मा पुत्र गोपीचंद ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि तीस अगस्त को वह अपने चचेरे भाई अरविन्द तथा दांदूपुर के सुनील कोरी के साथ साहबगंज बाजार गया था। बाजार से वह बाइक से घर आ रहा था कि रास्ते में एक पुल के पास सामने से आ रही स्कूली वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में अरविन्द व सुनील को चोटे आ गयी।

# पुलिस ने दस लाख से अधिक का मोबाइल किया बरामद, तीन गिरफ्तार

### 40 मोबाइल, तमंचा व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के लीलापुर थाने की पुलिस ने प्रयागराज में चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर दस लाख से अधिक का 40 मोबाइल फोन बरामद किया है और उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

एएसपी पश्चिमी संजय राय ने प्रेस कांफ्रेंस में घटना के बारे में बताया कि एसपी डॉ अनिल कुमार



प्रेसवार्ता में बोलते एएसपी पश्चिमी संजय राय।

के आदेश व एएसपी संजय राय सीओ राम सूरत सोनकर के नेतृत्व व लीलापुर इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह के निर्देशन में चेकिंग कर रहे चौकी इंचार्ज कमोरा शैलेश यादव, शंहशाह खां, अमरेश यादव, कांस्टेबल, राजकिशोर यादव, पवन यादव ने लीलापुर थाने इलाके के बरदैत पुल के पास तीन शातिर चोरों को धर दबोचा। ये शातिर चोर प्रयागराज में मोबाइल चोरी किये थे। इस दौरान दस लाख से ज्यादा कीमत का मोबाइल फोन लीलापुर पुलिस ने बरामद किया है। पकड़े गये तीनो शातिर चोर अब्दुल, सलमान, अनिरूद्ध पर प्रतापगढ़ जिले के अलावा प्रयागराज में भी दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। पकड़े गये तीनो चोरों के पास से 40 मोबाइल फोन व आई फोन, तीन अवैध तमंचा व चोरी की मोटरसाइकिल पुलिस ने बरामद किया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 144306 वादों का निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायालय परिसर प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत व राष्ट्रीय हिन्दी दिवस का उदघाटन जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रशासनिक न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद नीरज तिवारी ने वर्षो से अलग रह रहें दम्पतियों की एक साथ बिदायी करायी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। न्यायमूर्ति द्वारा सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आपसी सुलह समझौते से मुकदमों का निस्तारण लोक अदालत में करें, जिससे अधिक से अधिक वादकारियों को लाभ मिल सके। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 144306 वादों का निस्तारण किया गया जिनमें 5130 फौजदारी वाद, 09 एन0आई0 एक्ट, 215 विद्युत वाद, 32 मोटर दुर्घटना वाद, 52 वैवाहिक वाद, 104 सिविल वाद, 1041 बैंक ऋण, 15 बी0एस0एन0एल0 वाद, कलेक्ट्रट्रेट प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा 120040 मामले, यातायात विभाग द्वारा 17660 वाद एवं उपभोक्ता फोरम द्वारा 06 एवं स्थायी लोक अदालत के दो वादों का निस्तारण किया गया।



डॉ अवनीश को सर्विस एक्सेलेंस अवार्ड देते पदाधिकारी।

## डॉ अवनीश को मिला सर्विस एक्सेलेंस अवार्ड

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय छितपालगढ़ में तैनात चिकित्साधिकारी डा अवनीश पाण्डेय को आयुर्वेद के प्रचार प्रसार एवं जनहित में किये जा रहे कार्यों के लिए विश्व आयुर्वेद मिशन द्वारा सर्विस एक्सेलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। हिन्दी दिवस के अवसर पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय गंगा नाथ झा परिसर प्रयागराज में आयोजित स्वास्थ्य संगोष्ठी में यह सम्मान दिया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डा अशोक कुमार वार्ष्णेय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान बी एच यू के निदेशक डा एस एन शंखवार, विश्व आयुर्वेद मिशन के निदेशक प्रो जी एस तोमर एवं प्रो ललित कुमार त्रिपाठी साहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बता दें कि डा अवनीश वर्ष 2020 से जिले में लगातार सेवाएँ दे रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों के माध्यम से जनमानस को स्वास्थ्य लाभ पहुँचाते हुए स्वस्थ जीवनशैली एवं आयुर्वेद के विषय में जागरूक कर रहे हैं। पूर्व में डा अवनीश को आयुर्वेद गौरव सम्मान, चरक चिकित्सा सम्मान, भारद्वाज सम्मान, ह्यूमेनीटेरियन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा त्रिभुवन राम एवं अन्य चिकित्सकों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल पहुंचे कुण्डा व रामपुर खास के सदस्यता अभियान में

### कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल राष्ट्रीय सदस्यता अभियान में पीछे चल रही कुंडा और रामपुर खास के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के संग की समीक्षा बैठक की। प्रतापगढ़ सीमा पर जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

तत्पश्चात दिलीप पटेल कुंडा विधानसभा के दो-दो मंडलों की अलग-अलग बैठक करके सदस्यता



समीक्षा बैठक में बोलते क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल।

अभियान की समीक्षा की एवं सभी पदाधिकारी से सदस्यता अभियान में तेजी लाने का आग्रह किया। इसी प्रकार से शाम को विधानसभा रामपुर खास की दो-दो मंडलों की बैठक क्रमशः सांगीपुर और लालगंज में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल को कार्यकर्ताओं की तरफ से यह आश्वासन दिया गया कि सदस्यता अभियान में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और जनपद में सबसे ज्यादा सदस्य कुंडा और रामपुर खास विधानसभा से बनेंगे। इस अवसर पर जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मिश्र, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र, सुमन साहू, मोनू शुक्ला, मो सोहराब, भूपेंद्र पांडे, उमाशंकर पटेल, जिला मंत्री अजय वर्मा, नागेश प्रताप सिंह, रमेश सिंह सुरेश सिंह, बबलू मिश्र, शुभम सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी ने दी।

## सड़क हादसे में एक की मौत एक घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया है। बता दें कि करण कुमार बनवासी (18) वर्ष पुत्र दिलीप कुमार बनवासी निवासी गोदल पट्टी बाइक से आसपुर देवसरा बाजार से पट्टी की तरफ बीती रात में आठ बजे के करीब जा रहा था। उच्च प्राथमिक विद्यालय धौरहरा मोड पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बाइक गूलर के पेड़ में जा टकराई। टक्कर लगने के कारण कारन बनवासी की मौके पर मौत हो गई और बाइक पर पीछे बैठा रजनीश कुमार बनवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल रजनीश को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर स्वरूप रानी रेफर कर दिया। आसपुर देवसर पुलिस ने शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## तालाब की भूमि पर मकान बनाने पर मिली नोटिस

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश की योगी सरकार इन दिनों सरकारी तालाबों व जमीनों पर अवैध रूप से निर्माण करने वालो के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है जिसके तहत जनपद के कुंडा तहसील के ब्लाक कालाकांकर के मुरस्सापुर में सरकारी तालाब में लगभग आधा दर्जन लोगो ने बैनामे की जमीन पर मकान बनवा लिया है मामला सरकारी तालाब की भूमि से जुड़ा होने के कारण गांव के राघवेंद्र तिवारी उर्फ टेनी ने वर्ष 2016 में न्यायालय में वाद दायर किया जिसमे नोटिस मिलते ही हड़कंप मच गया। नोटिस में 15 दिन के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। उत्तर प्रदेश राजस्व अधिनियम 2006 के धारा 67 के तहत सभी प्रतिवादी को नोटिस न्यायालय से मिली है।

## कुण्डा में फ़ौजी की जमीन पर कब्जे की कोशिश

**अखंड भारत संदेश**

**सीमा पर तैनात जवान की पत्नी को ट्रैक्टर से कुचलने की धमकी**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** देश की सीमा पर तैनात भारत तिब्बत सीमा पुलिस के जवान की पत्नी को उसके ही खरीदी जमीन पर कब्जे के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकी दी गयी। कुंडा बाईपास पर इस बेशकीमती भूखंड पर निगाह गड़ाये लोगों ने ट्रैक्टर से कुचलने की धमकी देने का बाद मामला गर्मा गया। इस मामले मे फ़ौजी की पत्नी नामजद तहरीर देकर न्याय की मांग की है। हथिगवा थाना क्षेत्र के बेंती के रहने वाले समय नाथ सरोज इस समय भारत तिब्बत सीमा पुलिस मे चीन की सीमा पर तैनात है। कुंडा नगर पंचायत के रजनपुर के पास 2016 मे मकान बनवाने के लिए एक भूखंड खरीदा था। जमीन खरीदे आठ साल का समय बीत गया लेकिन चार दिन पहले से मामले मे नया मोड़ आया जब कुछ लोग उसकी बाऊंडी के सामने मिट्टी गिराकर कब्जा करना चाहा। फ़ौजी की पत्नी ने जब इसका विरोध किया तो उसके साथ बद सलूकी करने की कोशिस की गयी। महिला का आरोप है की दबंग मिजाज लोगों ने उसके उपर ट्रैक्टर चढ़ाने की धमकी दे रहे है। महिला ने कुंडा थाना मे नामजद तहरीर दिया है। उधर फोन पर फ़ौजी से बात की गयी तो उसने बताया की मेरे साथ अन्याय किया जा रहा है, अब मामला पुलिस और राजस्व के पास है तो देखने वाली बात ये होगी की देश के रक्षक के साथ किस तरह का न्याय हो पाता है। संवाददाताा से फ़ौजी की पत्नी ने कहा की मेरा पति चीन जैसे दुश्मन देश के खिलाफ मोर्चा संभाल रहा है और स्थानीय दबंग उसकी जमीन हथियाना चाह रहे हैं।

## राष्ट्रभाषा की समृद्धि के लिए जागरूकता अभियान में निभाएं सार्थक भूमिकाः एसडीएम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार में हिंदी पखवाड़ा के तहत राष्ट्र भाषा के उन्नयन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार में योगदान के लिए साहित्यकारों व लेखकों को सम्मानित भी किया गया। हिन्दी मित्र संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। साहित्यकार केशवराम ओझा ने काव्य पाठ के जरिए राष्ट्रभाषा हिन्दी की गौरवगरिमा का बखान किया। बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि हिन्दी को भाषा की समृद्धि देने के लिए स्वयं हिन्दी प्रेमियों को समाज को जागरूक बनाये रखना होगा।

# सुरेंद्र प्रसाद अध्यक्ष एवं तीर्थराज बने युवा चेतना मंच के महामंत्री

### युवा चेतना मंच की प्रांतीय कार्य समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** युवा चेतना मंच की प्रांतीय कार्य समिति की एक बैठक जनपद मुख्यालय स्थित वीएस मेमोरियल सनराइज पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई जिसमें युवा चेतना मंच की प्रतापगढ़ इकाई का गठन किया गया। अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद पांडे को युवा चेतना मंच प्रतापगढ़ इकाई का अध्यक्ष एवं तीर्थराज मिश्र को सर्वसम्मत से महामंत्री चुना गया।

राजीव कुमार सिंह, त्रिलोचन जी, मनोज कुमार दुबे एवं वेद प्रकाश मिश्र को उपाध्यक्ष, विनोद सिंह को संयुक्त मंत्री, श्याम मूर्ति मिश्र एवं प्रेम शुक्ल को संगठन मंत्री चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा चेतना मंच के प्रांतीय अध्यक्ष ललित पांडे ने एवं संचालन




युवा चेतना मंच की बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

विनोद कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ललित पांडे ने कहा युवा ही देश के भविष्य हैं।नौजवानों को यदि सही दिशा दी जाए तो वे समूचे देश की दिशा और दशा बदल सकते हैं।

युवा चेतना मंच के प्रांतीय संयोजक एवं एमडीपीजी कॉलेज के वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ छवि नारायण पांडे ने कहा कि युवाओं की वैचारिक प्रखरता हमारे सामाजिक एवं सांस्कृतिक उन्नयन की परिचायक है। वैचारिक रूप से हम जितना ही प्रखर होंगे हमारी भावनाएं एवं संवेदनाएं उतनी ही व्यापक होंगी। देश में सामाजिक सौहार्द, आपसी सामंजस्य एवं एकता की भावना बढ़ेगी।

उपाध्यक्ष राजेश मिश्र ने अक्टूबर माह में युवा चेतना मंच के तत्वधान में आयोजित होने वाली सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। महामंत्री डॉ देवमणि तिवारी ने युवा चेतना मंच के आगामी तीन माह की कार्य योजना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में अखिलेश चंद्र पांडे, अनिल चतुर्वेदी, भानु प्रताप पांडे, सुरेंद्र प्रसाद पांडे, सत्य प्रकाश तिवारी, तीर्थराज मिश्र, संतोष तिवारी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## सड़क निर्माण में अवरोध करने वालों को प्रतिबंधित करे पुलिस

### जांच रिपोर्ट के बाद एसडीएम ने दिया आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के बलीपुर मोहल्ले में प्राथमिक स्कूल बलीपुर प्रथम के पास आठ फिट की सीसी सड़क का निर्माण कार्य जांच पूरी होने के बाद बनने का रास्ता साफ हो गया है। एसडीएम सदर ने शहर कोतवाल को पत्र लिखकर कहा है कि निर्माणाधीन सड़क में अवरोध डालने वालों को प्रतिबंधित करें।

बता दें कि शहर के प्राथमिक विद्यालय बलीपुर प्रथम के सामने बन रही नगर पालिका की आठ फिट की सड़क को कुछ लोगों



सड़क निर्माण में अवरोध डालने के बाद क्षतिग्रस्त सड़क।

के विरोध के कारण रोक दिया गया था। इसकी एसडीएम सदर ने राजस्व विभाग के कानूनगो और लेखपाल को जांच के लिये भेजा।

जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एसडीएम ने शहर कोतवाल को पत्र लिखकर नगर पालिका की सीसी सड़क के निर्माण कराने में सहयोग की अपील की। इस बारे में नगर पालिका के ईओ राकेश कुमार ने भी 13 सितम्बर को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को पत्र लिखकर सार्वजनिक मार्ग निर्माण में सहयोग करने का आग्रह किया है। इससे अब सीसी सड़क के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। बता दें कि वर्षा होने पर पूरा स्कूल व प्रस्तावित रास्ता जलमग्न हो जाता है जिससे छात्र-छात्राओं तथा वहां रहने वाले नागरिकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। राजस्व विभाग की रिपोर्ट से यह भी साफ हो गया है कि रास्ते के निर्माण में कोई अतिक्रमण नहीं किया गया है। कुछ लोग अपने निहित स्वार्थ के कारण प्रस्तावित सड़क के निर्माण का विरोध कर रहे हैं। आशा है कि एक-दो दिन में सीसी सड़क का निर्माण फिर शुरु हो जाएगा।

# हैंडपंप का सामान मांगने पर प्रधान पक्ष ने किया ग्रामीणों पर हमला 6 लहूलुहान

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अलामचंद गांव में ग्राम प्रधान से खराब हैंडपंप का सामान मांगने गए ग्रामीणों के साथ प्रधान और उनके समर्थकों ने जमकर बवाल काटा है ग्रामीणों को दौड़ा-दौड़ा कर प्रधान समर्थकों ने लाठी से पीटा है जिससे एक पक्ष के 6 लोगों को गंभीर चोटे आई हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस ने दोनों पक्षों के एक दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया है

जानकारी के मुताबिक मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के आलम चंद गांव में सुदीप यादव के घर के पास लगा हैंडपंप कई दिनों से खराब था जिससे सुदीप और उनके आसपास के लोगों को पानी पीने में बराबर दिक्कतें होती थी सुदीप कई बार ग्राम प्रधान से हैंडपंप ठीक कराने की मांग कर चुका

**दोनों पक्षों के एक दर्जन लोगों को हिरासत में लेने के बाद पुलिस कर रही पूछताछ**

**कई दिनों से हैंडपंप खराब होने से ग्रामीणों के सामने पानी की बिकराल समस्या बनी विवाद का कारण**

है प्रधान ने कहा कि सामान दे देंगे रविवार को सुदीप फिर हैंडपंप का सामान लेने प्रधान के घर गया था जिस पर सुदीप को सामान नहीं दिया गया बल्कि हैंड पंप का सामान मांगने पर गाली गलौज वाद विवाद बहानेबाजी शुरू हो गयी वाद विवाद के बीच प्रधान समर्थकों ने सुदीप और उसके साथी छोटुन पर लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे सुदीप और छोटुन को गंभीर चोटें आई है लहूलुहान हालत में





जान बचा कर दोनों भाग कर जब घर पहुंचे तो खून देखकर घायलों के परिवार के लोग प्रधान के घर पर चढ़ गए उसके बाद दोनों तरफ से जमकर गाली गलौज वाद विवाद मारपीट हुई है हालांकि दूसरी लड़ाई में दोनों पक्षों से किसी की हालत गंभीर नहीं है इसके बाद प्रधान समर्थक धार्मिक स्थल पहुंचे धार्मिक स्थल से निकलने के बाद फिर प्रधान समर्थक दर्जनों लोग लाठी डंडा और विभिन्न प्रकार के अस्त्र-शस्त्र लेकर के सुदीप यादव के घरों पर चढ़ाई कर दिया है दौड़ा-दौड़ा कर सुदीप यादव के पक्ष के लोगों पर लाठी डंडे से हमला किया है इस हमले में सुदीप यादव रामचंद्र यादव छोटुन यादव हितांशु यादव सहडु यादव उषा देवी सहित कई लोग गंभीर घायल है मामले की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठन के लोगों ने भी गांव में डेरा जमा लिया है और नारेबाजी कर रहे हैं दो पक्षों में बवाल की जानकारी मिलने के बाद मौके पर संदीपन घाट थाना पुलिस पहुंची है और दोनों पक्षों के एक दर्जन लोगों को अपने हिरासत में ले लिया है दो समुदाय के बीच बड़े बवाल की जानकारी मिलते ही एसपी एडिशनल एसपी और क्षेत्र अधिकारी भी घटना स्थल पर भारी फोर्स के साथ पहुंच चुके हैं गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है हालांकि पुलिस के नियंत्रण में स्थित है।

### पुलिस छावनी में तब्दील हुआ पूरा गांव

**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के आलम चंद गांव में दो समुदाय के बीच विवाद के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई है चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान चहल कदमी कर रहे हैं गांव में विवाद के बाद भारी पुलिस फोर्स देखकर गांव के लोग भयभीत हैं और घरों के भीतर दुबक गए हैं इस झगड़े के बाद ग्रामीण जुबान खोलने में भय खा रहे हैं।

# तिल्हापुर से लेकर ओसा तक चल रहा है कथित डॉक्टर का अवैध नर्सिंग होम

**कौशांबी।** अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई करने का निर्देश उच्च न्यायालय ने दो दशक पूर्व दिया था लेकिन दो दशक बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवैध अस्पतालों को पूरी तरह से नहीं बंद कर सके हैं जिले में 400 से अधिक अवैध अस्पताल क्लीनिक नर्सिंगहोम विभाग के अधिकारियों की मेहरबानी पर संचालित हो रहे हैं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कथित चिकित्सक लुकाछुपी का खेल खेलकर मरीजों को इलाज के बहाने लूटने में लगे हैं सीएमओ कार्यालय के एक लिपिक का चिकित्सक खास बताया जाता है तिल्हापुर मोड़ में अमन क्लीनिक के नाम से एक अस्पताल संचालित हो रहा है जिसमें दर्जनों बेड लगाकर मरीजों का इलाज किया जाता है लेकिन अस्पताल मानक के अनुसार पंजीकृत नहीं है अस्पताल बेसमेंट में चल रहा है पूर्व में अस्पताल सीज भी हो चुका है लेकिन सीज किए जाने के बाद ताला तोड़कर अस्पताल का संचालन फिर शुरू हो गया है इसी कथित डॉक्टर का एक अस्पताल मंझनपुर के ओसा की मुख्य सड़क पर जनता हॉस्पिटल के नाम से संचालित है और इस अस्पताल की ब्यवस्था इम्तियाज उर्फ राजू और सदाशिव यादव कर रहे हैं जनता अस्पताल में भी कथित चिकित्सक निसार लगातार सेवा दे रहे हैं अस्पताल का पंजीकरण क्या है सुविधा कितनी है इस बारे में सीएमओ कार्यालय कुछ बताने को तैयार नहीं है लेकिन सूत्रों की माने तो अस्पताल स्वास्थ्य और एनजीटी के नियमों को पूरा नहीं कर रहा है गलत तरीके से अस्पताल का संचालन हो रहा है कम पढ़े लिखे लोग अनुभवहीन अज्ञान लोगों द्वारा मरीजों का इलाज करने के बाद उनका मर्ज बढ़ा दिया जाता है यहां तक की तमाम मरीज को यमलोक भेजने की व्यवस्थाएं इस अस्पताल में बना दी जाती हैं लेकिन उसके बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय अवैध तरीके से चलने वाले अस्पतालों पर ठोस कार्रवाई करने के लिए गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहा है जिससे जिले में अवैध अस्पतालों की भरमार है।

# दर्शन कर घर लौट रहे चार पहिया वाहन पलटा आधा दर्जन घायल

**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के चौराहे पर एनएचएआई के कर्मचारियों की लगातार लापरवाही से आये दिन दुर्घटनाए हो रही है लेकिन उसके बाद ए एन एच आई के कर्मचारियों अधिकारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है जिससे दुर्घटनाएं नहीं रुक रही है रविवार की दोपहर शीतला धाम कड़ा का दर्शन कर वापस अपने घर भदोही लौट रहे चार पहिया वाहन सवार जैसे ही कोखराज थाना के पास पहुँचे राष्ट्रीय राजमार्ग में ए एन एच आई द्वारा रखे गए डाइवर्जन के चलते चार पहिया वाहन सवार अनियंत्रित हो गए और बाइक सवार को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकरा कर वाहन सड़क किनारे पलट गया जिससे वाहन में सवार सभी दर्शनार्थी घायल हो गए मौके पर चीख पुकार मच गई हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गयी मौके पर पहुंची एंबुलेंस में घायलों को इलाज के

**रोड पर बिना काम के एनएचएआई के कर्मचारियों के द्वारा बीच रोड पर डाइवर्जन बॉक्स को 2 किलोमीटर दूर तक लगातार रखने से बढे हादसे**



लिए अस्पताल में भर्ती कराया है जानकारी के मुताबिक भदोही जनपद के पाली गोदाम निवासी नंदलाल अपने परिवार के साथ चार पहिया वाहन से रविवार को शीतला धाम कड़ा का दर्शन करने आए थे शीतला धाम कड़ा का दर्शन करने के बाद रविवार की दोपहर नंदलाल का परिवार चार पहिया वाहन से वापस भदोही लौट रहा था जैसे ही वाहन सवार कोखराज थाना के पास पहुंचे कि बीच सड़क पर एनएचएआई के डायवर्सन बॉक्स से वह अनियंत्रित हो गए और सामने आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में चार पहिया वाहन डिवाइडर से टकरा कर सड़क किनारे पलट गया जिससे वाहन में सवार सभी दर्शनार्थी घायल हो गए मौके पर चीख पुकार मच गयी हादसे में अभिषेक 9 वर्ष, आदर्श, 12 वर्ष, जागृति देवी 10 वर्ष, गूंज देवी, सुरेन्द्र, नन्द लाल पुत्र रामदुलारे निवासी पाली गोदाम भदोही जनपद घायल हो गए हैं मौके पर पहुंची एंबुलेंस के जरिए घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मौके पर कोखराज पुलिस पहुंच गयी है।

### एनएचएआई पर कार्यवाही की जरूरत

**कोखराज कौशाम्बी** कड़ा धाम से दर्शन कर वापस लौट रहे दर्शनार्थियों का वाहन पलटने के बाद एक बार फिर एनएचएआई के कर्मचारियों अधिकारियों ठेकेदारों की बड़ी लापरवाही देखने को मिली है सड़क पर बेवजह अतिक्रमण करने के मामले में इन ठेकेदारों अधिकारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तारी कराए जाने की जरूरत है तभी दुर्घटनाओं पर रोक लग सकता है।

# कन्या पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन






अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** गणेश महोत्सव का कार्यक्रम शिव मंदिर नेहरू नगर गली में मंझनपुर में सिद्धिविनायक कमेटी के पदाधिकारी द्वारा भव्य तरीके से मनाया जा रहा है 7 सितंबर से शुरू हुए इस कार्यक्रम में प्रतिदिन पूजन भजन कीर्तन आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम बड़े भव्य तरीके से भक्तजनों द्वारा देर रात्रि तक किया जा रहा है पूजा स्थल पर प्रतिदिन सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित होकर प्रभु का गुणगान कर रहे हैं आरती के बाद प्रतिदिन रात्रि में महिलाओं द्वारा भगवान गणेश की आराधना संगीत मय धुन में की जा रही है और पंडाल में प्रतिदिन दोनों समय भंडारे का आयोजन हो रहा है भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण हो रहा है रविवार को गणेश पंडाल स्थल पर आरती पूजन के बाद कन्या पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया सिद्धिविनायक कमेटी द्वारा सैकड़ो कन्याओं को भोजन कराया गया है और उन्हें उपहार दक्षिणा दी गई है कन्या पूजन और भंडारे में पंडाल स्थल के आसपास के तमाम महिला पुरुष भक्तों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है सिध्दीविनायक कमेटी के सदस्यों में उज्वल केशरवानी, सत्यम मोदनवाल, अंशित मोदनवाल, अर्जुन केशरवानी, छेद्दु केशरवानी, अंकित मोदनवाल, ऋषभ केशरवानी, अर्पित मोदनवाल, राहुल सिंह, प्रभाकर केशरवानी, शिवम केशरवानी, हरषु केशरवानी, विष्णु केशरवानी सहित तमाम नवयुवक सहित सैकड़ो महिला पुरुष भक्त शामिल है जो प्रभु गणेश की पूजा अर्चना में तन मन धन से लीन है।

**सिद्धि विनायक कमेटी द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव कार्यक्रम के भंडारे में उमड़ी भारी भीड़**

## भारतीय किसान यूनियन करेगा धरना प्रदर्शन

**कौशांबी।** किसानों की समस्या का समाधान न होने पर दिनांक 17.09.2024 को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक टिकैत गुट के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला उपाध्यक्ष बच्चालाल के नेतृत्व में विभिन्न माँगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन डायट मैदान मुख्यालय मंझनपुर में करने का ऐलान किया है। धरनें का संचालन डॉ० ए०के० दुबे जिलाउपाध्यक्ष करेगें। मुख्य समस्या यह कि ग्राम हिनौता का चकमार्ग 245, 246 का शीघ्र निस्तारण किया जाये और उपजिलाधिकारी द्वारा चकमार्ग हिनौता में क्या निस्तारण हुआ धरने पर बैठे पदाधिकारी व कार्यकर्ता को निस्तारण व फैसले को अवगत कराया जाए। इसी के साथ ब्लाक सरसवां अन्तर्गत ग्राम सभा सेंगरहा में ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान द्वारा की गयी कालाबाजारी तथा भ्रष्टाचार की जाँच के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी जबकि जिलाधिकारी ने टीम गठित कर रखा है। किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या विद्युत कर्मचारियों के द्वारा अघोषित बिजली कटौती किए जाने से किसानों की फसल को नुकसान हो रहा है। किसानों की समस्या का समाधान न होने के चलते भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट अनिश्चित काल के लिए धरना प्रदर्शन को बाध्य होगा।

## 3 महीने से गायब युवक का नहीं लगा सुराग

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा गांधी नगर का राजबाबू उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र स्वर्गीय ललित कुमार 18 जून को घर से बिना बताए कही चला गया है परिवार के लोगों ने राज बाबू की काफी खोजबीन की लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा जिस पर परेशान परिवार के लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दी धीरे-धीरे 3 महीने लगभग बीत रहे हैं लेकिन गायब युवक का कही सुराग नहीं लगा जिस पर राज बाबू की माता माधुरी देवी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर युवक को खोजने की गुहार लगाई है एसपी के निर्देश पर थाना पुलिस ने युवक की गुमसुदगी अभिलेख में दर्ज कर ली है।

## सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के राष्ट्रीय राजमार्ग देशी ठेका के सामने बीती शाम अज्ञात वाहन ने अधेड़ को टक्कर मार दी जिसमे अझुवा निवासी अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया जहां उपचार के दौरान रविवार की सुबह अधेड़ की मौत हो गई।

घटनाक्रम के मुताबिक मोहम्मद हनीफ 55 वर्ष पुत्र लतीफ निवासी वार्ड नंबर 10 अझुवा बीती देर रात्रि अपनी पुत्री जो कांसीराम कालोनी में रहती है उसके घर से खाना खाकर वापस अपने घर वार्ड नंबर 10 जा रहा था तभी देशी ठेका के सामने कानपुर की तरफ से प्रयागराज जाने वाले मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे मोहम्मद हनीफ गंभीर घायल हो गया सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई मृतक निहायत गरीब था परिजनों ने पोस्टमार्टम से इंकार करते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# कब तक चलेगी वसूली के लिए खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन की छापेमारी

**कई करोड़ रुपए सालाना की वसूली इस विभाग में बीते 20 वर्षो से होती है, उच्च न्यायालय से लेकर आयुक्त और जिलाधिकारी को गुमराह करने का प्रयास विभागीय अधिकारियों ने किया**

**कौशाम्बी।** उच्च न्यायालय में नमकीन से सम्बंधित दायर पी आई एल के सम्बंध में आयुक्त खाद्य ,सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश के अनुपालन में व जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन की टीम द्वारा सहायक आयुक्त खाद्य ,कौशांबी श्रीमती ममता चौधरी के नेतृत्व में दिनाँक 13.09.2024 से 15.09.2024 तक जनपद कौशाम्बी में नमकीन विनिर्माण इकाइयों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। उच्च न्यायालय आयुक्त और जिला अधिकारी को गुमराह करते हुए केवल उन नमकीन की फैक्ट्री में छापेमारी की गई है जिनसे विभाग के अधिकारियों को महीने की रकम नहीं मिलती है जिले में सैकड़ो से अधिक नमकीन की फैक्ट्रियां चलती हैं लेकिन जो नई फैक्ट्री



खोली गई है जिनसे महीने की वसूली नहीं शुरू हुई है उनके यहां छापा मार करके फिर उच्च न्यायालय से लेकर आयुक्त और जिलाधिकारी को गुमराह करने का प्रयास विभागीय अधिकारियों ने किया है आखिर कब तक वसूली के आड़ में जांच पड़ताल का खेल चलता रहेगा यह बड़ा सवाल विभाग पर खड़ा है निष्पक्ष तरीके से कार्यवाही करने से विभागीय अधिकारियों को क्यों कठिनाई होती है यह तो बड़ी जांच का विषय है

जिले के बिभिन्न कस्बे में चार दशक से सैकड़ो नमकीन की फैक्ट्री बेखौफ चलने के बाद केवल मनौरी, कोखराज, गौसपुर टिकरी व मंझनपुर के टेवा में स्थित नमकीन निर्माण स्थलों पर निरीक्षण एवम नमूना संग्रहण का कार्य किया गया जिससे सवाल खड़े है छापेमारी के दौरान विभिन्न नमकीनों के 5 नमूने यामिनी फूड्स, मनौरी साध्या नमकीन , मनौरी आर.पी. ट्रेडर्स ,कोखराज मान्या ट्रेडर्स ,गौसपुर टिकरी,मंझनपुर के नमकीन कारखानों से संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किये गए जांच टीम का कहना है कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी छापेमारी के दौरान लगभग 600 किलोग्राम नमकीन उचित गुणवत्ता का न होने के कारण नष्ट करायी गई। विनिर्माण इकाइयों पर नमूना संग्रहण के साथ लगभग 450 किलोग्राम नमकीन को सीज भी किया गया है। नमकीन निर्माण करने वाले खाद्य कारोबार कताओं को खाद्य नियमो का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये गए, साथ ही सभी निर्माण स्थलों पर रिजेक्शन रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा इसे अद्यतन बनाये रखने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।छापेमारी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर भरत मिश्र, नितिन कुमार व शहाब उद्दीन सिद्दीकी शामिल रहे। एक बार फिर विभाग के अधिकारियों के कार्यों पर सवाल खड़े हो गए हैं कि जब उच्च न्यायालय लखनऊ आयुक्त और जिलाधिकारी के निर्देश के बाद यह पारदर्शी तरीके से छापा मार की कार्रवाई नहीं करना चाहते तो बिना अधिकारियों को निर्देश के उनकी स्थिति कितनी बदतर होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है चचाओं पर जाए तो कई करोड़ रुपए सालाना की वसूली इस विभाग में बीते 20 वर्षो से होती है।

## न्यूज झरोखा

### विमलेश शुक्ला पुनः बने न्यू प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष

**सुधीर कश्यप बने महामंत्री कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई मतगणना**



**कौशांबी।** न्यू प्रेस क्लब कौशाम्बी के चुनाव में निवर्तमान जिलाध्यक्ष विमलेश शुक्ला ने अपने प्रतिद्वंदी अनिरुद्ध पांडेय को 21 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर फिर कब्जा जमाया। विमलेश शुक्ला को कुल 77 मत मिले जबकि अनिरुद्ध पांडेय को 56 व अशोक विश्वकर्मा को 12 मत प्राप्त हुए । वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर कड़े मुकाबले में सतीश लनामदेव ने अरविंद तिवारी को 24 मतों से हराया सतीश नामदेव को 85 तो अरविंद तिवारी को 61 मत प्राप्त हुए । महामंत्री पद पर सुधीर कश्यप 68 मत पाकर अपने प्रतिद्वंदी सुशील गुप्ता को 23 मतों से हराकर जीत हासिल की , कोषाध्यक्ष पद पर संजीत सिंह उर्फ रिंकू को 79 मत, प्रतिद्वंदी पवन दुबे को 55 व अंश मिश्रा को 18 एवं मेराज शेख को 9 मत प्राप्त हुए इस तरह से संजीत सिंह उर्फ रिंकू 23 मतों से विजय हासिल की । संगठन मंत्री पद पर ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने गुलाम वारिस को 5 मतों से हराया , मंत्री पद पर अमित शुक्ला ने नवनीत को 67 मतों से हराकर सबसे बड़ी जीत हासिल की । आय व्यय निरीक्षक पद पर ध्यान सिंह ने संजय वर्मा को 41 मतों से हराकर जीत हासिल की रविवार की सुबह शुरू हुआ मतदान मंझनपुर ब्लॉक में पुलिस बल की कड़ी निगरानी में मतदान के बाद दोपहर 2:45 बजे मतगणना शुरू हुई ।दोपहर चार बजे के बाद परिणाम घोषित होने के बाद ढोल नगाड़े के साथ माला पहनाकर एक दूसरे को जीत की बधाई दी।

### संकरा बाबा मंदिर के सामने रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के धुमाई संकरा बाबा मंदिर के सामने दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर 89115 अप लाइन पर आज रविवार एक 30 से 35 वर्षीय युवक का छिन्न भिन्न शव मिला है शव की जानकारी पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया सूचना पर जी आर पी और अझुवा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची है शव का शिनाख्त कराने में जुट गए थोड़ी ही देर में शव की शिनाख्त प्रदीप कुमार दुबे 40 वर्ष पुत्र स्व. अमरनाथ दुबे निवासी आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 9 सोनारन गली के रूप में हुई है शव का सिर हाथ पैर धड़ अलग हो गया था बड़े भाई दिलीप दुबे ने चौकी पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि प्रदीप मानसिक बीमार चल रहे थे कार्रवाई की मांग की ।चौकी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कागजी कार्रवाई में जुट गई है

### कांग्रेस ने महिलाओं को आगे आने के लिए बढ़ चढ़कर दी हिस्सेदारी



**कौशाम्बी** महिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूरे देश भर में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में कौशांबी जिले मे महिला जिला अध्यक्ष रजिया बेगम के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया इस मौके पर रजिया बेगम ने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार और महिलाओं को समाज में भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कांग्रेस पार्टी करती है लड़कियों लड़ सकती हूं के नारे के साथ कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी ने 50 प्रतिशत की भागीदारी विधानसभा चुनाव में महिलाओं को दी थी !इसी संदर्भ में जिले में सदस्यता अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया गया सदस्यता अभियान में जिला सचिव फौजिया ने कहा कि महिलाओं को आगे आने के लिए कांग्रेस ने बाढ़- चढ़कर हिस्सेदारी दी है इसमें हम सभी महिलाओं को कांग्रेस का साथ हाथ से हाथ मिला कर देना पड़ेगा और कांग्रेस के साथ खड़े रहना पड़ेगा सदस्यता अभियान में हेमवती देवी शीला देवी अनीता देवी मधु गोरकी देवी वहीदा पुष्पा देवी मजमा बेगम प्रीति देवी शहनाज परवीन बेगम रीता सरिता देवी सुषमा देवी सहित दर्जनों महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही

### एकदिवसीय ऐतिहासिक दंगल एवं मेला संपन्न



**महेवाघाट कौशाम्बी** महेवाघाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव में एकदिवसीय ऐतिहासिक दंगल एवं मेले का आयोजन रविवार को किया गया है जिसमें आसपास के क्षेत्र के हजारों महिला पुरुष बच्चे बूढ़े शामिल हुए और दंगल एवं मेले का जमकर लुफ्त उठाया हैं महिलाए बच्चो ने जमकर खरीददारी की क्षेत्र के लोगो ने मेले में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस दौरान महेवा घाट पुलिस के जवान मेले की सुरक्षा में लगे रहे दंगल मेले के आयोजन में गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे मेला का आयोजन ग्राम प्रधान दयाशंकर द्वारा किया गया दंगल में जिले के साथ बाहरी पहलवानों ने हिस्सा लिया कई कुश्ती बड़ी रोचक हुई जिसे देखने के लिए लगातार जनसमूह टकटकी लगाए रहा और पहलवानों की कुश्तियो में लगातार तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया जाता रहा बिजई पहलवानों को ग्राम प्रधान द्वारा इनाम देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया

### स्टेडियम क्षेत्र बना जुआ खेलने का अड्डा

**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी** पिपरी थाना क्षेत्र के तिलगोडी ग्राम सभा में बना स्टेडियम क्षेत्र जुआ खेलने का अड्डा बना हुआ हैं स्टेडियम के आस पास दिन भर जुआ खेला जाता है प्रतिदिन सुबह से दर्जनों लोग स्टेडियम में एकत्रित होते हैं बताया जाता है कि तमाम बाहरी लोग भी जुआ की फड़ में हार जीत के लिए शामिल होते हैं और लाखों रुपए प्रतिदिन का जुआ होता है लगातार लग रहे जुआरियों के जमघट के बाद थाना पुलिस बेखबर बनी है आखिर जुआरियो का सरगना कौन है किसके संरक्षण में जुआ का खेल स्टेडियम में खेला जाता है यह तमाम बड़े सवाल खड़े हैं लेकिन जुआरियों के सरगना पर अभी तक थाना पुलिस की नजर क्यों नहीं पहुंच रही है आखिर पुलिस का मुखबिर तंत्र क्या कर रहा है यह तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं इसी क्षेत्र में प्राण घातक हमले लूट सहित कई बड़ी घटनाएं दो महीने के बीच हो चुकी है जुआरियों की गतिविधियों पर भी जांच किए जाने की जरूरत है

### सरकारी कार्यालय छोड़कर रेस्टोरेंट में होता है नयन मटक्का

**कौशाम्बी** एक तरफ सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो दूसरी तरफ जिला अधिकारी कौशांबी लगातार कर्मचारियों को ड्यूटी पर उपस्थित रहने का निर्देश दे रहे हैं जिससे सरकारी व्यवस्था में सुधार हो और आम जनता को न्याय मिल सके लेकिन उसके बाद सरकारी कार्यालय के कर्मचारी ड्यूटी पर मौजूद नहीं रहते हैं जिससे आम जनता और फरियादियों का सरकारी कार्य नहीं हो पता है गांव के दूरदराज से आई जनता को कार्यालय से वापस लौट जाना पड़ता है सरकारी कार्यालयों की स्थिति इतनी खराब है कि उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर करने के बाद तमाम कर्मचारी कार्यालय से गायब हो जाते हैं जिससे पूरी व्यवस्था चौपट दिखाई पड़ती है इसी तरह का एक मामला शुक्रवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर के एक रेस्टोरेंट में देखने को मिला है जहां सरकारी कार्यालय के कर्मचारी लग्जरी गाड़ी से रेस्टोरेंट पहुंचे हैं दो युवतियों और दो पुरुष रेस्टोरेंट में चाय पीने के बहाने कई घंटे तक नैन मटक्का करते रहे इस बात का प्रमाण रेस्टोरेंट के सीसीटीवी कैमरे से देखा जा सकता है ड्यूटी टाइम पर जब रेस्टोरेंट में नयन मटक्का होगा तो आम जनता फरियादी को सरकारी कार्यों से कार्यालय से वापस जाना पड़ेगा लेकिन इन कर्मचारियों के इस आचरण पर उनके विभागाध्यक्ष भी रोक लगाते नहीं दिख रहे हैं।

## सम्पादकीय

# शाह के आश्वासन को भाजपा ने क्यों किया दरकिनार?

**हम** आपको बता दें कि कश्मीर घाटी में भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में कड़ी मेहनत कर अपना पार्टी संगठन खड़ा किया था और विभिन्न क्षेत्रों में उसके पास समर्थकों की अच्छी खासी तादाद भी है लेकिन इसके बावजूद पार्टी ने 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे जिससे पार्टी के तमाम कार्यकर्ता नाराज बताये जा रहे हैं। हालांकि भाजपा इस नाराजगी को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रही और उसका कहना है कि कश्मीरी जनता हमें उन 19 सीटों पर भारी बहुमत देगी जहां हमने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। मगर कश्मीर घाटी में भाजपा कार्यकताओं का कहना है कि पार्टी चुनाव में उम्मीदवार ही नहीं उतार रही है तो फिर उन्हें लगता है कि इस पार्टी में उनका कोई भविष्य नहीं है। श्रीनगर में एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि हमने वर्षों से विपरीत माहौल में पार्टी को खड़ा करने के लिए कड़ी मेहनत की लेकिन जब हमें पुरस्कृत करने का समय आया, तो पार्टी ने हम पर भरोसा नहीं किया। उन्होंने या तो सीटें छोड़ दीं या ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारा जो पार्टी में नए हैं। कश्मीर घाटी के भाजपा नेता और कार्यकर्ता अमित शाह के वादे पर भी सवाल उठा रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि इसी साल मई में घाटी की अपनी यात्रा के दौरान, भाजपा नेताओं के साथ बातचीत करते हुए अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के दौरान कश्मीर घाटी की सभी तीन सीटों को छोड़ने के फैसले पर खेद व्यक्त किया था। हम आपको याद दिला दें कि लोकसभा चुनावों में जम्मू में आने वाली दो सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी और उसने कश्मीर की तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे। अमित शाह ने उस समय पार्टी कार्यकताओं से जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने का आग्रह करते हुए कहा था कि भाजपा इस बार सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

इसलिए सवाल उठ रहा है नेताओं और कार्यकताओं को दिये गये आश्वासन के बावजूद भाजपा ने अपना मन क्यों बदला? हम आपको बता दें कि कश्मीर में पार्टी के 19 उम्मीदवारों में दक्षिण कश्मीर की 16 विधानसभा सीटों में से आठ, मध्य कश्मीर की 15 में से छह और उत्तरी कश्मीर की 16 विधानसभा सीटों में से पांच शामिल हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि वह घाटी में किसी चमत्कार की उम्मीद नहीं कर रहे हैं और केवल 19 उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का निर्णय एक सोचा समझा फैसला है ताकि कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों को जीत हासिल करने में मदद मिल सके। भाजपा सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनावों में भी कश्मीर घाटी की तीनों लोकसभा सीटें इसलिए छोड़ी गयीं थीं कि अन्य ताकतवर उम्मीदवार उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को हरा सकें और पार्टी की वह रणनीति कामयाब रही थी। भाजपा सूत्रों का कहना है कि कश्मीर घाटी में इस बार कई स्वतंत्र उम्मीदवार जीतने की हैसियत रखते हैं इसलिए उनकी राह में बाधा बनना सही नहीं है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि यह स्वतंत्र उम्मीदवार जीत हासिल करते हैं तो सरकार बनने की स्थिति में पार्टी की मदद कर सकते हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है ।

# कारगर नहीं हुआ भारत का शांति प्रयास

**- डॉ. मलय मिश्रा**

**राष्ट्रप**ति जेलेंस्की ने यूरोपीय राजधानियों और अमेरिका की अपनी लगातार यात्राओं में (वाशिंगटन डीसी में कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के साथ) अपनी 10-सूत्री शांति योजना के लिए समर्थन और लड़ाई जारी रखने के लिए हथियारों की लगातार आपूर्ति की पैरवी की है जिसका बाइडेन प्रशासन ने पूरा समर्थन किया है।

जैसे-जैसे रूस यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में पूर्वी शहर पोक्रोव्स्क पर कब्जा करने के करीब पहुंच रहा है, कुर्स्क में यूक्रेन द्वारा हासिल बढ़त का असर कम हो रहा है। रूस, यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र में पूर्वी शहर पोक्रोव्स्क पर कब्जा करने के करीब पहुंचते हुए कुर्स्क में यूक्रेन द्वारा हासिल की गई बढ़त को चुनौती दे रहा है। वहां कुर्स्क सैनिकों ने कई रूसी गांवों पर कब्जा कर लिया है। स्थिति में लगातार बदलाव होते रहता है। रूस ने अभी एक रणनीतिक स्थान मेमरिक गांव पर कब्जा करने की घोषणा की है जो कीव के रसद केंद्र पोक्रोव्स्क की ओर जाता है और लगभग 20 किमी दूर है। यूक्रेनी सरकार ने पहले ही पोकवोर्स्क में स्थानीय आबादी को इलाका खाली करने के आदेश दे दिए हैं जो बता रहे हैं कि दो युद्धरत देशों के बीच शांति लगातार घट हो रही है। यह भी लगता है कि शांति स्थापना के नई दिल्ली के प्रयास काम नहीं आए हैं। हालांकि पीएम मोदी की हालिया यूक्रेन यात्रा के दौरान शांति प्रयासों से बहुत उम्मीद नहीं की गई थी। युद्ध एक महत्वपूर्ण दौर में पहुंच गया है और दोनों पक्षों की ओर से राहत के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। अगर पीएम की यह यात्रा उनकी पिछली मॉस्को यात्रा पर नाराजगी को शांत करने के लिए थी तो प्रधानमंत्री के मध्यस्थता के इशारे ने गुस्से को शांत करने कोशिश को कम नहीं किया बल्कि उनके यूक्रेनी मेजबान ने अपनी बाद की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान इस संघर्ष के बारे में भारत के दृष्टिकोण में कई विसंगतियों की ओर इशारा करते हुए जो कहा है वह उनकी नाराजगी को बताता है।

जुलाई में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक के तुरंत बाद पोलैंड (21-22 अगस्त) और यूक्रेन (23 अगस्त) (यूक्रेन के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर) की पीएम मोदी की योजनाबद्ध यात्रा, रूस और यूक्रेन के बीच 30 महीने के संघर्ष में मध्यस्थता का भारत का सीधा प्रयास प्रतीत होता है। भारत ने शांति के लिए एकमात्र मार्ग के रूप में 'बातचीत और कूटनीति' का आह्वान करने में एक सुसंगत रुख अपनाया है और दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए बातचीत के द्विपक्षीय समाधान के प्रयास किए और दोनों राष्ट्रपतियों जेलेंस्की और पुतिन दोनों के साथ बैठकें कीं। इस सिलसिले में आखिरी बार क्रमशः जून में इटली में जी-7 बैठक और इस साल जुलाई में मास्को में द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के मौके पर बातचीत हुई थी।

शिखर बैठक के दौरान राष्ट्रपति पुतिन को गले लगाने वाले प्रधानमंत्री मोदी के चित्र जब छप रहे थे उसी वक्त रूसी मिसाइलों ने यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल पर हमला किया था जिसमें कैंसर से पीड़ित बच्चे मारे गए थे जिसकी वजह से यूक्रेन के राष्ट्रपति नाराज थे। इस हमले ने पश्चिमी देशों को और नाराज कर दिया तथा नाटो की 75 वीं वर्षगांठ के लिए समय में वाशिंगटन डीसी में उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। उस पृष्ठभूमि के खिलाफ और दोनों बड़े शक्ति गठबंधनों के बीच अपने संतुलन कार्य को जारी रखते हुए, भारत के प्रयासों को यूक्रेनी पक्ष पर चिंताओं को दूर करने और पश्चिम के संघर्ष में जाहिर भारतीय नीति के साथ सहज महसूस करने के लिए सोचा जा सकता है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसने पश्चिम खुश नहीं है क्योंकि भारत ने रूस को हमलावर के रूप में घोषित करने से परहेज किया है एवं संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ कई प्रस्तावों से परहेज किया है। इसके अलावा जी-7 की बैठक के तुरंत बाद 24 जून को स्विट्जरलैंड में यूक्रेन द्वारा आयोजित शांति सम्मेलन में भारत की ओर से जूनियर स्तर का प्रतिनिधि मंडल



भेजा गया और बैठक की संयुक्त घोषणा पर भारत की ओर से हस्ताक्षर भी नहीं किए गए। इस सम्मेलन में 80 से अधिक देशों ने भाग लिया था। एक निष्पक्ष शांतिदूत के रूप में भारत की स्थिति को इस संघर्ष के संदर्भ में अच्छा नहीं माना गया।

इस बीच, यूक्रेन द्वारा रूस के दक्षिणी कुर्स्क क्षेत्र पर आश्चर्यजनक आक्रमण और अधिग्रहण, द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के बाद से रूसी क्षेत्र पर पहला हमला था जिसने दो युद्धरत पक्षों के बीच मध्यस्थता के सभी प्रयासों को उलट दिया और मास्को को कतर मध्यस्थता प्रयासों को आगे नहीं बढ़ने देने में कड़ा रुख अपनाने को मजबूर कर दिया था जिसके लिए 22 अगस्त के लिए दोनों पक्षों के बीच एक आभासी बैठक होने वाली थी। 6 अगस्त को यूक्रेन का हमला रणनीति के तौर पर रूसी क्षेत्र में गहरे तक घुसना, सुद्जा शहर पर नियंत्रण करना और 80 से अधिक बस्तियों को अपने 400 वर्ग मील पर कब्जा करने को रूस के लिए एक धक्के के रूप में देखा चाहिए जो मूल रूप से रूस के साथ अपनी बातचीत की स्थिति में एक लाभ को सुरक्षित करने के लिए किया गया है। हालांकि पुतिन उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के अपने कब्जे वाले डोनेट्स्क क्षेत्र में जमीन नहीं छोड़ने के इरादे पर पक्के रहे हैं जिस पर रूस ने 22 फरवरी के आक्र मण के कुछ महीनों के भीतर कब्जा कर लिया वहां जनमत संग्रह कराया और रूसी कब्जे में किए लगभग 40,000 वर्ग मील यूक्रेनी क्षेत्र (यूक्रेन का 20प्रतिशत) को रूस में मिला दिया। कथित तौर पर यूएस-निर्मित हिमर्स रॉकेट सिस्टम का उपयोग करके सीम नदी पर तीन महत्वपूर्ण पुलों को नष्ट करने के बाद रूसी बुनियादी ढांचे और नागरिक हताहतों को गंभीर नुकसान पहुंचाते हुए यूक्रेन 2000 रूसी युद्धबंदियों को सौदेबाजी के लिए रखते हुए अपने कब्जे वाले क्षेत्र से रूसी मुख्य भूमि को काटने में सक्षम रहा है। दोनों पक्ष अप्रिय स्थिति बनाए हुए हैं। यूक्रेन, रूस द्वारा 2014 में कब्जाए गए क्रीमिया सहित सभी कब्जे वाले क्षेत्रों से पूर्ण रूसी वापसी की मांग कर रहा है जबकि रूस अपने कब्जे वाले क्षेत्रों को छोड़ने से इंकार करते हुए यूक्रेन से स्पष्ट आश्वासन चाहता है कि वह नाटो में शामिल नहीं होगा। खासकर स्वीडन और फिनलैंड के नाटो में शामिल होने के बाद पुतिन के रुख को देखते हुए रूस की स्थिति में किसी भी नरमी की उम्मीद नहीं की जा सकती है। लड़ाई के शुरूआती चरण में इस्तांबुल में बुलाई गई गुप्त मध्यस्थता वार्ता टूट गई थी क्योंकि दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल महीनों तक नहीं मिले थे।

इस बीच युद्ध बेरोकटोक जारी है और आगे बढ़ते रूसी सैनिक अब पोक्रोव्स्क पर कब्जा करने के लिए तैयार हैं।

उधर राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यूरोपीय राजधानियों और अमेरिका की अपनी लगातार यात्राओं में (वाशिंगटन डीसी में कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के साथ) अपनी 10-सूत्री शांति योजना के लिए समर्थन और लड़ाई जारी रखने के लिए हथियारों की लगातार आपूर्ति की पैरवी की है जिसका बाइडेन प्रशासन ने पूरा समर्थन किया है।

यूक्रेन के बिजली केन्दों को निष्क्रिय करने के लिए रूस-यूक्रेन के पावर ग्रिड पर हमला किया है (यूक्रेन ने सर्दियों में बिजली की चरम खपत करीब 18 गीगावाट बिजली की खपत होती है जिसमें से उसने 9 गीगावाट बिजली खो दी है) जबकि काला सागर में नौसैनिक नाकाबंदी कर रूस ने यूक्रेन के अनाज निर्यात पर पाबंदी लगा दी (2022 में तुर्की और राष्ट्र संघ द्वारा दलाली किया गया अनाज सौदा मुश्किल से कुछ महीनों तक चला)। उधर यूक्रेन ने लंबी दूरी के ड्रोन हमलों के साथ रूस की तेल सुविधाओं पर हमला किया है, रिफाइनरियों, डिपो और तेल गोदामों को जला दिया है तथा मास्को के तेल शोधन को लगभग 15 प्रतिशत कम कर दिया है। दोनों पक्षों को बाहरी समर्थन के कारण दोनों ने युद्ध में राहत के कोई संकेत नहीं दिए हैं। हाल ही में वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट ने आग में घी डाला है जिसमें बताया गया है कि एक यूक्रेनी टीम ने नॉर्ड स्ट्रीम गैस पाइपलाइन नंबर 1 में तोड़फोड़ की जो उत्तरी सागर के नीचे रूस से जर्मनी तक गैस ले जा रही थी और पोलैंड को एक रसद आधार के रूप में उपयोग कर रही थी। इस खुलासे ने कि 6 सदस्यीय यूक्रेनी डाइविंग टीम ने सितंबर 2022 में एक छोटी नौका से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया जिसके परिणामस्वरूप नाटो में सहयोगी पोलैंड और जर्मनी के बीच विवाद हुआ।

इन परिस्थितियों में और युद्ध के और विकराल रूप लेने के कारण और जैसा कि भारतीय विदेश मंत्रालय की ब्रीफिंग में उल्लेख किया गया है कि भारतीय पीएम की यूक्रेन यात्रा के 35 वर्षों के बाद और राष्ट्रपति जेलेंस्की के निमंत्रण पर हो रही है।

# झोले में पुस्तकालय

**- बाबा मायाराम**

**बच्चों में किता**बों को पढ़ने की रूचि उनकी स्कूली किताबें पढ़ने तक सीमित हो गई है। किताबें समय मांगती हैं। लेकिन किताबों की दुनिया अलग है। जब बच्चे यहां रंग-बिरंगे चित्रों वाली किताबें पढ़ते हैं। कहानी और कविता पढ़ते हैं, उनके हाव-भाव देखते ही बनते हैं। दिल उछल जाता है। वे कहानी और कविताओं के माध्यम से एक अलग दुनिया की सैर करते दीखते हैं।

किताबों से हमारे अनुभव संसार का विस्तार होता है। नए अवसरों का संसार भी खुलता है। मुझे कुछ पुस्तकालयों को देखने और ऐसे लेखकों से मिलने का मौका मिला है, जिनकी दुनिया किताबों से जुड़ी थी। आज इस कॉलम में इन सबकी चर्चा करना उचित होगा, जिससे उनके महत्व के बारे में समझा जा सके।



हमारे गांव में एक स्वयंसेवी संस्था थी, जिसका एक पुस्तकालय था। सबसे पहले मेरा इसी पुस्तकालय में किताबों से साक्षात्कार हुआ। किताबों को उलटना-पलटना, चित्र देखना, पढ़ना और उनके बीच रहना, मुझे बहुत अच्छा भाता था। वहां किताबें वगीकृत करके कांच की अलमारी में व्यवस्थित रखी होती थी। अलमारी खुली होती थी, जिससे जो भी किताब चाहिए, वह निकाल कर देखी जा सकती है।

पुस्तकालय का सदस्य बनने के लिए बहुत ही मामूली शुल्क जमा करना होता था। उसके बाद किताब को पढ़ने के लिए घर ले जाया सकता था और निर्धारित समय में पढ़कर वापस किया जा सकता था। जो लोग संस्था के पुस्तकालय में नहीं आ पाते थे, उनके लिए संस्था ने गांव तक पुस्तकें पहुंचाने के लिए चलता-फिरता पुस्तकालय (सचल पुस्तकालय) भी शुरू किया था।

इसमें संस्था के कार्यकर्ता साइकिल से गांव जाते थे और वहां झोले में भरकर पुस्तकें ले जाते थे। वे गांव में एक चबूतरे या पेड़ के नीचे किताबें फैलाकर बैठ जाते थे। वहां किताबों को देखने, उलटने-पलटने बच्चों की भीड़ जमा हो जाती थी। इन बच्चों व वयस्कों के लिए 25 पैसे सदस्यता शुल्क रखा गया था। इसे जमा कर वे किताबें घर ले जा सकते थे। और अगले हफ्ते जमा कर फिर दूसरी किताब ले जा सकते थे। कई बार बच्चों से घर के बड़े सदस्य किताबें मंगवाते थे। यह सिलसिला लंबे समय तक चला।

मुझे भी इस सचल पुस्तकालय को देखने का मौका मिला। यह बहुत अनूठा था। हमारे इलाके में किताबें पढ़ने का चलन कम है। उस समय बच्चों के पास भी स्कूली किताबों के अलावा कोई और किताबें पढ़ने के लिए नहीं होती थीं। शायद अब भी नहीं होती।

पुस्तकालय की गतिविधियों का एक और कार्यक्रम होता था व्याख्यान करवाना। इसके तहत शिक्षा, समाज, साहित्य और पर्यावरण से जुड़े देश के जाने-माने लोगों को आमंत्रित किया जाता था, और उनका व्याख्यान करवाया जाता था। जिससे अलग-अलग मुद्दों पर लोगों को विशेषज्ञों के विचार जानने को मिलते थे। संगोष्ठियों में विचारों का आदान-प्रदान भी होता था।

इसके बाद मुझे इंदौर में नईदुनिया समाचार पत्र से जुड़ने का मौका मिला, वहां की लायब्रेरी काफी समृद्ध थीं। रायपुर में देशबन्धु का संदर्भ पुस्तकालय भी बहुत अच्छा था। कई बार देश-विदेश की खबरों के लिए संदर्भ सामग्री देखने की जरूरत पड़ती थी, या किसी विशेष अवसर की फोटो चाहिए होती थी, देशबन्धु के संदर्भ पुस्तकालय में सहज ही उपलब्ध हो जाती थी। बाद में मुझे कई और पुस्तकालय देखने का मौका मिला।

मेरे एक मित्र हैं, अरविंद गुप्ता जी, जो पुणे रहते हैं। टॉयमेकर के नाम से प्रसिद्ध हैं, उन्होंने विज्ञान व गणित को सिखाने के लिए अनूठा तरीका अपनाया है। वे बेकार व मामूली चीजों से खिलौने व मॉडल बनाकर बच्चों को उसके पीछे के सिद्धांतों को समझाते हैं। इसके अलावा, उनका एक महत्वपूर्ण काम है, देश-दुनिया के बाल साहित्य का अनुवाद करना। उसे उनकी वेबसाइड पर देखा जा सकता है। उनकी वेबसाइड पर सैकड़ों किताबें उपलब्ध हैं, जिसे कोई भी डाउनलोड कर सकता है। अरविंद गुप्ता के यू ट्यूब पर कई वीडियो भी हैं, जिसमें उन्होंने कई किताबों का परिचय दिया है। वे कई बार इन किताबों के बारे में विस्तार से भी बताते हैं।

उन्होंने मुझे 15 ऐसी कहानियों की किताबें भेजी हैं, जिनमें पुस्तकालय की पहल की गई है। ये देश-दुनिया की कहानियां हैं, जिनमें अलग-अलग तरीकों से जरूरतमंद बच्चों व बड़ों को किताबों को पहुंचाने का काम किया है। इसमें ऐसी भी कहानियां हैं, जिनमें लोग गधे व घोड़ों का इस्तेमाल दूरदराज के गांवों में ले जाने के लिए करते हैं। पहाड़ों के गांवों में किताबें ले जाने में इससे मदद मिलती है।

इसी प्रकार की पहल मध्यप्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था एकलव्य ने की है। उन्होंने पुस्तकालय भी संचालित किए हैं और बच्चों को लिए मोबाइल लाइब्रेरी भी चलाई हैं। सचल पुस्तकालय की एक पहल मध्यप्रदेश के हरदा शहर में चल रही है। कुछ साल पहले मुझे भी इस लाइब्रेरी को भी देखने का मौका मिला था।

यह पहल एक स्कूल शिक्षिका शोभा वाजपेयी ने शुरू की है, जिसे कुछ शिक्षकों व पुस्तकप्रेमी लोगों ने सहयोग दिया है। यह मुख्यतः गरीब बच्चों के लिए है। यहां लाइब्रेरी के लिए न कोई भवन है और न बड़ी-बड़ी कांच की आलमारियों में किताबें कैद हैं। खुले आसमान के नीचे, पेड़ की छांव में दरी बिछी होती हैं। किताबें होती हैं, रंगीन स्कैच पेन व पेंसिल होती हैं और खेलकूद का सामान और खिलौने भी। वर्ष 2013 में चहक की शुरूआत हुई। किताबें एकत्र करना शुरू किया। कुछ एकलव्य संस्था से, कुछ दोस्तों से, कुछ अपने घर से किताबें एकत्र कीं और कुछ किताबें खरीदी भी। किताबों की पहचान के लिए उन पर लगाने के लिए 'चहक ' की सील बनवाई गई, बच्चों के बैठने के लिए दरी खरीदी गई।

शोभा वाजपेयी बताती हैं कि हम बहुत मामूली ढंग से पुस्तकालय चलाते हैं। कभी दरी पर बैठ कर तो कभी आसपास से कुर्सी मांग कर तो कभी खड़े खड़े बाइक से सहारा लेकर ही हम लोग किताबें बांटते हैं। खड़े रहने की स्थिति तब बनती जब उन घरों में कोई नहीं होता या कुछ खास कार्यक्रमों से गहमा-गहमी रहती है। वे आगे बताती हैं कि यहां सिर्फ स्कूल की तरह सब कुछ शब्दों से ही नहीं सिखाया जाता बल्कि चित्रकला, हाव-भाव के साथ कविता सुनाना, खेल-कूद करवाना और कहानी-कविता का नाट्य रूपांतरण आदि गतिविधियां भी होती हैं। यह लाइब्रेरी के साथ गतिविधि केन्द्र भी है।

यह सही है कि बच्चों में किताबों को पढ़ने की रूचि उनकी स्कूली किताबें पढ़ने तक सीमित हो गई है। किताबें समय मांगती हैं। लेकिन किताबों की दुनिया अलग है। जब बच्चे यहां रंग-बिरंगे चित्रों वाली किताबें पढ़ते हैं। कहानी और कविता पढ़ते हैं, उनके हाव-भाव देखते ही बनते हैं। दिल उछल जाता है। वे कहानी और कविताओं के माध्यम से एक अलग दुनिया की सैर करते दीखते हैं।

इस छोटे कस्बे में जहां बस्तियों में सार्वजनिक स्थान नहीं है, वहां मिलने-जुलने और विचारों के आदान-प्रदान का मंच है। यहां बैठकर विभिन्न विषयों पर बात करते हैं। देश-दुनिया व ज्ञान-विज्ञान की दुनिया से रू-ब-रू होते हैं। वे अपने सवालों के जवाब खोजते हैं।

कुल मिलाकर, इस पूरी पहल से बच्चे एक-दूसरे से सीख रहे हैं, किताबों की दुनिया से परिचित हो रहे हैं, उनके अनुभव संसार फैल रहा है। नए-नए विचार व अनुभवों से हम जुड़ते हैं। रचनात्मकता बढ़ती है। नवाचार करते हैं।

बच्चे सोचते हैं, चित्र बनाते हैं, कहानी लिखते हैं। कुछ जगह बाल अखबार बनाते हैं और आपस में एक-दूसरे से सीखते हैं। ऐसी पहल को बढ़ावा देने की जरूरत है।

अगला सवाल है हम क्या कर सकते हैं? इसका एक जवाब तो यही हो सकता है कि हम बच्चों को किताबें उपहार में दें। उन्हें जब भी मौका मिले, पुस्तकालयों में जाने के लिए प्रोत्साहित करें, खुद भी ले जाएं। स्कूलों में पुस्तकालय होते हैं, पर उनका कई कारणों से इस्तेमाल नहीं होता है, वहां से किताबें लाने की आदत डालें।

यह भी पाया गया है कि अगर पुस्तकालय में पुस्तकों के साथ एक गतिविधि केन्द्र भी हो तो वहां बच्चे अधिक आकर्षित होते हैं। उदाहरण के लिए बच्चे वहां पर कागज के छोटे-छोटे खिलौने बना सकते हैं या फिर कबाड़ से जुगाड़ यानी फेंकी हुई चीजों से कई मजेदार चीजें बना सकते हैं। इस तरह बच्चे किताबें तो पढ़ेंगे ही, साथ में कई हस्त कुशलताएं भी सीखेंगे और उनके चेहरे पर भी मुस्कान होगी। लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं?

# महान वास्तुकार थे भगवान विश्वकर्मा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**हर वर्ष** 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनायी जाती है। यह कन्या संक्रांति पर पड़ता है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। हर साल 17 सितंबर को यह पूजा की जाती है। लेकिन इस बार लोगों के मन में 16 सितंबर को लेकर संशय बना हुआ है। इस बार सूर्य 16 सितंबर की शाम को 7 बजकर 29 मिनट पर कन्?या राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इसलिए विश्?वकर्मा जयंती अगले दिन यानी कि 17 सितंबर को मनाई जाएगी।

विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता।

विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योंहार मनाते हैं। कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निमार्ता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है। दुनिया का निमार्ता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पंतगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सावेतनिक अवकाश प्रदान करती है।

यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं।

विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निमार्ता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं।

विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं।

विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निमार्ता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है।

धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है। पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हे शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था।

महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वणकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था।

विष्णु को चक्र, शिव को त्रिशूल, इंद्र को वज्र, हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था। जिस रथ पर निर्भर रह कर श्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन संसार को भस्म करने की शक्ति रखते थे उसके निमार्ता विश्वकर्मा ही थे। पार्वती के विवाह के लिए जो मण्डप और वेदी बनाई गई थी वह भी विश्वकर्मा ने ही तैयार की थी।

## सड़क हादसे में चाची-भतीजी की मौत

### एक युवक गंभीर घायल, टहलने दौरान तेज रफ्तार कार ने मारी ठोकर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सड़क हादसे में चाची-भतीजी की मौके पर मौत हो गई। हादसे में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। ये हादसा कोतवाली कर्वी के खोह गांव मे शनिवार को देर शाम हुआ। बताया गया कि तेज रफ्तार कार प्रयागराज से कर्वी की ओर आ रही थी। अचानक बेकाबू होकर पैदल चल रही चाची गुड़िया व भतीजी पलक को ठोकर मार दी। दोनों की मौके पर मौत हो गई। कार ने बाइक सवार युवक अनिल सिंह को रौंदते हुए खाई में जा गिरी। कार की गति इतनी तेज थी कि खाई में गिरने से परखच्चे उड़ गए। घायल अनिल सिंह को गंभीर चोट आई हैं। जिला अस्पताल में डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। गुस्साई भीड़ ने नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। लोगों ने पुलिस -प्रशासन से आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शांत किया। भरोसा दिया कि दोषी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। आरोपी कार चालक की तलाश जारी है।


बेकाबू कार को खाई से निकालती जेसीबी।

## भगवान कृष्ण की भक्ति से होता है जीवन का कल्याणः पं नारायणदत्त त्रिपाठी

### श्रीकृष्ण जल विहार-तुलादान दर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय संस्कृति व आस्था के दर्शन कराने वाले धर्मनगरी श्रीकृष्ण जल विहार महोत्सव व तुलादान के तीन दिवसीय कार्यक्रम पर ज्योतिषाचार्य पं नारायण दत्त त्रिपाठी ने भगवान कृष्ण का तुलादान किया।

रविवार को धर्मनगरी में पांच दशक से हो रहे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव महोत्सव के मंगल उत्सव की 50वीं वर्षगांठ पर श्रीकृष्ण जल विहार शोभा यात्रा निकालने के बाद सवेरे भगवान के उबटन व बालभोग बाद दोपहर 12 बजे से भगवान श्री विग्रह का दिव्य तुलादान हुआ। आयोजक प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं नारायण दत्त त्रिपाठी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की उपासना वह जगत कल्याण को करते हैं। प्रकृति को संरक्षित व संस्कृति संरक्षण को आयोजन होता है। भगवान की विधि विधान से पूजा- अर्चना व तुलादान के बाद श्रद्धालुओं को भंडारा खिलाया जाता है। मंदाकिनी रामघाट में भगवान को जल विहार कराकर प्रभु से धरती रक्षा, महामारियों, वैश्विक संकटों से आम जनता को बचाने की कामना करते हैं। इस बार 50वां महोत्सव होने से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव से लेकर जल क्रीडा विहार व तुलादान दर्शन तक भारी तादाद में नगरवासी व कृष्ण भक्त उत्साह से शामिल हो रहे हैं। तुलादान बाद शाम को राज भोग आरती हुई। 16 सितम्बर सोमवार को भगवान के 56 भोग दर्शन-आरती बाद महा प्रसाद होगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस मौके पर भागवत पीठ संस्थापक आचार्य नवलेश दीक्षित, गुड्डन दुबे, अनुज त्रिपाठी, अंकुर त्रिपाठी, कृष्ण औतार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।


भगवान श्रीकृष्ण का तुलादान करते आचार्य।


छत में पडे बक्से।

## चोरों ने घर में घुसकर उडाये सोने-चांदी के जेवर

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** अज्ञात चोरो ने घर में घुसकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर व नकदी लेकर फरार हो गये है।

चोरी की ये घटना पहाड़ी थाने के बारामाफी गांव में विजय कुमार पुत्र रामकृपाल के घर में शनिवार की रात हुई। बताया गया कि पीडित ने थाने में दी तहरीर में कहा कि रोज की भांति बीती रात परिजन घर में सो रहे थे। रात में अज्ञात चोर घर में घुसकर तीन किलो चांदी के जेवर व दस ग्राम सोने के जेवर तथा एक लाख नकद समेत छः लाख का सामान चुरा ले गये। परिजनों की नींद खुली तो छत पर खाली बक्से देखकर थाना पहाड़ी को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह मय पुलिस बल के घटना स्थल पहुंची। कहा कि पीडित जितना बता रहे हैं, उतना माल नहीं गया। घटना का जल्द खुलासा किया जायेगा।

## भक्तों में कंदमूल फल की है खास मान्यता केवल यहीं मिलता है फल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तीर्थक्षेत्र की पावन धरती पर भगवान श्रीराम के वनवास काल की गूंज आज भी सुनाई देती है। यहां कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर मिलने वाला विशेष कंदमूल फल धार्मिक मान्यता अनुसार भगवान श्रीराम ने वनवास काल में सेवन किया था। भक्तजन इसे भगवान का प्रसाद मानते हुए न केवल सेवन करते हैं, बल्कि अपने साथ घर भी ले जाते हैं।

रविवार को कंदमूल फल का खुलासा हुआ। बताया गया कि इस क्षेत्र में खासतौर से ये फल पाया जाता है। धार्मिक श्रद्धा व पौष्टिकता का प्रतीक लोग मानते हैं। ये फल अन्यत्र कहीं नहीं मिलता। इसे केवल कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर बेंचा जाता है। दुकानदारों के अनुसार ये फल नासिक से मंगवाया जाता है। चित्रकूट आने वाले भक्त विशेष रूप से खाते हैं। धार्मिक महत्व के अलावा कंदमूल स्वास्थ्यवर्धक गुणों से भरपूर माना जाता है। हर दुकानदार इस फल को दस रुपये प्रति पीस के हिसाब से बेंचता है। श्रद्धालु इसे प्रसाद स्वरूप ग्रहण करने के साथ घर ले जाते हैं। भक्तों का मानना है कि कंदमूल भगवान श्रीराम के आशीर्वाद के साथ पोषक तत्वों से समृद्ध है। इसे ग्रहण करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। चित्रकूट में कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर मिलने वाला ये फल श्रद्धालुओं के लिए आस्था व श्रद्धा का प्रतीक बना है।


कंदमूल फल बेंचता दुकानदार।

## तीन दिन रामलीला का मंचन करेंगे बच्चे

### बच्चों के चरित्र निर्माण में करेगा मददः भद्राचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की तपोस्थली में तीन दिन का अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर व पद्म विभूषण से सम्मानित जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने दीप जलाकर शुभारम्भ किया।

रविवार को अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन दिल्ली के आयोजन में देशभर के स्कूली छात्र-छात्रायें हिस्सा ले रहे हैं। ये महोत्सव तुलसी पीठ के रामचरितमानस हाल में हो रहा है। तीन दिनों तक बच्चे रामायण का मंचन करेंगे। पहले दिन बच्चों ने हनुमान चालीसा व जय गणेश देवा गीत पर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम शुरू किया। दर्शक भावुक हो गए। 68 बच्चों की टोली ने रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत किया, जो आकर्षण के केंद्र रहे। आयोजन दौरान संस्कृति के संरक्षण व बच्चों की भागीदारी को अहम बताया। एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश टंडन ने कहा कि पहले रामलीला का मंचन बड़े लोग करते थे। इस बार बच्चों को शामिल किया है, ताकि वे संस्कृति से जुड़े रहें। जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि ये आयोजन बच्चों के चरित्र निर्माण में मदद करेगा। रामचरितमानस की गहरी समझ देगा। केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। ऐसे कार्यक्रम संस्कृति को जीवित रखते हैं। समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। अगले दो दिनों में रामायण के मुख्य प्रसंगों का मंचन जारी रहेगा। इसका उद्देश्य बच्चों को संस्कृति से जोड़कर महत्व समझाना है।

## हनुमान चालीसा सुनने मंदिर में आते हैं बन्दर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भगवान राम की तपोस्थली में अनोखी घटना सुर्खियों में है। यहां तोतामुखी हनुमान मंदिर में हाल में अद्भुद दृश्य देखने को मिला। वानर सेना ने भक्तों के बीच बैठकर हनुमान चालीसा व रामचरितमानस पाठ सुना। सोशल मीडिया पर वायरल इस घटना के वीडियो हैरान कर दिया।

रविवार को रामघाट स्थित तोतामुखी हनुमान मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास को श्रीराम के दर्शन हुए थे। मंदिर में नियमित रामचरितमानस का पाठ होता है। खासतौर से मंगलवार व शनिवार को भक्त हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। वानर सेना इस मौके पर मंदिर में भक्तों के साथ बैठकर पाठ सुनते है। मंदिर के पुजारी मोहित दास ने बताया कि ये घटना पहली बार नहीं है। मंगलवार व शनिवार को वानर सेना मंदिर में आती है। पांच मिनट तक भक्तों के बीच बैठकर पाठ सुनती है। ये वही स्थान है, जहां हनुमान जी ने तुलसीदास को भगवान राम से मिलवाया था। भक्तों का मानना है कि वानरों का इस तरह आना हनुमान जी की कृपा का संकेत है। ये अद्भुद घटना भक्तों में उत्साह व आस्था बढ़ाती है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को हर कोई हनुमान जी का चमत्कार मान रहा है। मंदिर में भक्तों की संख्या बढ़ गई है। बजरंगबली के चमत्कार के दर्शन को दूर-दूर से लोग आ रहे हैं।


मन्दिर में पाठ सुनते बन्दर।

## तमंचा-कारतूस में एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में चैकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता ने राजेन्द्र निषाद पुत्र स्व अर्जुन निषाद टिकुरा मजरा कपसेठी के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर व दो कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उस पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, दरोगा मेवालाल मौर्य, सिपाही रविन्द्र कुमार व सिपाही अभिषेक प्रताप शामिल रहे।

## आठ वारंटी-एक वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने आठ वारंटी व एक वांछित दबोचा है।

रविवार को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने सिपाही शक्ति सिंह के साथ वारंटी शिवचरण पुत्र भोंडा, रामकेश पुत्र रामसजीवन, रामनरेश पुत्र भोंडा, राकेश पुत्र रामसजीवन नहरा को गिरफ्तार किया।

इसी क्रम में सरधुवा थाने के दरोगा चंद्रमणि पांडेय ने सिपाही अतुल मिश्रा के साथ वारंटी शंकर दयाल पांडेय पुत्र स्व फक्कड़ पांडेय, वंश स्वरूप शुक्ला पुत्र स्व भवानीदीन शुक्ला सरधुवा को गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा शैलेन्द्र कुमार सिंह, दरोगा कन्हैयालाल बक्श ने सिपाही चंदन विश्वकर्मा के साथ वांछित रामनरेश पुत्र रामकेशन महुआ को गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा कन्हैयालाल पाण्डेय ने सिपाही अखिलेश तोमर के साथ वारंटी शिवपूजन पुत्र देवकुमार उर्फ शिवकुमार फाटापुरवा को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा मेवालाल मौर्या ने सिपाही रविंद्र कुमार, नागेश कुमार, अभिषेक प्रताप सिंह के साथ एससी/एसटी एक्ट वारंटी संत कुमार पुत्र श्रीकेशन यादव दुर्गादास का पुरवा अहमदगंज को गिरफ्तार किया।

## गणेश प्रतिमा विसर्जन की तैयारी पूरी

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने सिद्ध सेंधना बाबा आश्रम तालाब में विसर्जन तैयारी का जायजा लिया।

रविवार को कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में आठ दिन पहले गणेश स्थापना हुई थी। गणेश महोत्सव की धूम बाद अनंत चतुर्दशी को गणेश विसर्जन में एक दर्जन मूर्तियों का विसर्जन होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि कस्बे की मूर्ति विसर्जन को स्मारक रोड होते हुए निर्धारित तालाब में विसर्जन व्यवस्था है। तालाब के चारों ओर साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था कराई है। नगर पंचायत के कुछ कर्मचारी तैनात किये हैं। विसर्जन स्थल जाने को मार्ग चैड़ीकरण कराया है। तालाब में पानी व्यवस्था को किसानों के प्राइवेट ट्यूबवेल से पानी भराया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने कहा कि कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस बल व्यवस्था कराई है। राजापुर कस्बे में स्थापित मूर्तियों को रोड चिन्हित किया है। गणेश विसर्जन पर शराब बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। शरारती तत्वों पर नजर रखी जा रही है। उपद्रवियों पर कार्यवाही की जाएगी। गणेश प्रतिमा कमेटी की बैठक में निर्देश दिये हैं कि 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती पर शोभा यात्रा के अलग-अलग रास्ते व समय तय किये हैं।


तैयारी का जायजा लेते नगर पंचायत अध्यक्ष।

## दलदल से गुजरने को मजबूर हैं ददरीमाफी के वाशिंदे

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के ददरीमाफी गांव के ग्रामीण कीचड़ व दलदल युक्त मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं। ददरीमाफी व छोटी बिलहरी गांव में स्वच्छता अभियान का माखौल उडाया जा रहा है। रविवार को ग्रामीणों ने बताया कि कच्चे रास्ते पर जल निकासी व्यवस्था न होने से हल्की बारिश में पानी भरने से दलदल व कीचड़ हो जाता है। ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक दिक्कत स्कूली बच्चों व बुजुर्गों को होती है। मार्ग पर कीचड़ व फिसलन होने से बच्चे आये दिन गिरकर घायल होते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि ये समस्या दशकों से है। बारिश में घुटनों तक कीचड़ भर जाता है। आपात वाहन नहीं पहुंच पाते। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कतें होती हैं। प्रधान-सचिव से कई बार सड़क निर्माण की गुहार लगाई। आज तक सडक नहीं बनी।

## अभियंता दिवस पर अभियंताओं ने किया रक्तदान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अभियंता दिवस पर उप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स चित्रकूट ने सिंचाई संघ भवन में इं विश्वेशरैया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इं स्व रामकिशोर दत्त की पुण्यतिथि पर हवन-पूजन हुआ। इं गुरु प्रसाद सहायक अभियंता की अगुआई में संघ के अभियंताओं ने जानकीकुण्ड अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया।

रविवार को रक्तदाताओं में इं रवि कुमार शर्मा, अभिषेक मिश्र, गिरीश कुमार, सहायक अभियंता गुरु प्रसाद, रजनीकांत मौर्य, चंद्रकांत गुप्ता जनपद अध्यक्ष, सर्वजीत सिंह पटेल जनपद सचिव ने रक्तदान किया। इं गुरु प्रसाद ने बताया कि संघ के प्रेरणा श्रोत आरके दत्त की मृत्यु ब्लड की कमी से हुई थी, तब से इंजीनियर्स ने संकल्प लिया कि खून की कमी से किसी की जान न जाये। संकल्प के साथ दत्त की पुण्य तिथि पर प्रदेश के तीन हजार अभियंता ब्लड दान करते हैं। शंकर बाजार स्थित बालिका अंध विद्यालय में दत्त की पुण्यतिथि पर सौ कन्याओं को भोजन संघ परिवार ने कराया। इस मौके पर लोनिवि, सिंचाई विभाग, जल निगम, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण के अभियंता शामिल रहे।


रक्तदान करते इंजीनियर।

## दिवंगत पत्रकार की मदद का लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पत्रकार बसंत द्विवेदी के असमय निधन पर पत्रकारों ने शोकसभा कर दो मिनट का मौन धारण कर पुण्य आत्मा की शांति को ईश्वर से प्रार्थना की। कुछ दिनों पहले मानिकपुर के पत्रकार बसंत द्विवेदी गंभीर बीमारी से असमय निधन हो गया था।

कल्याण केन्द्र चैराहा मीडिया क्लब कार्यालय में पत्रकारों ने श्रद्धांजलि सभा कर चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से आत्मा शांति को प्रार्थना की। परिवार को दुख सहने की शक्ति देने की मांग की। चर्चा हुई कि पत्रकार साथी के घर की माली हालत ठीक नहीं है। जमीन जायदाद व जमा पूंजी इलाज में खर्च हो गई है। परिवार में वही कमाने वाला था। माता-पिता पहले ही परमधाम चले गये। परिवार में पत्नी व नाबालिग पुत्री व पुत्र हैं।

तय किया कि बसंत द्विवेदी सिर्फ पत्रकार साथी नहीं थे, बल्कि पत्रकार परिवार का भाई था। सब लोग मिलकर परिवार की सहायता करें। अन्य लोगों को प्रेरित करें। पत्रकारों ने मदद करने का संकल्प लिया। शोकसभा में मीडिया क्लब मानिकपुर अध्यक्ष जितेन्द्र मोहन शुक्ला, रामपाल त्रिपाठी, मनोज कुमार अग्रहरि, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, पारस मिश्रा, मनोज तिवारी, विकास कनौजिया, शिवनायक गुप्ता, सूर्या अग्रहरि, भाजपा नेता राकेश कोल, भाजपा नेता नीलकमल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## डिजिटल मीटर से किसानों को परेशान करेगी सरकारः भाकियू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू समीक्षा बैठक अमृत ज्ञान पब्लिक स्कूल में केन्द्रीय कमेटी से नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ केदारनाथ सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मनरूप सिंह परिहार, जोनल अध्यक्ष कानपुर बैजनाथ अवस्थी, मंडल अध्यक्ष कमल नयन पटेल, मंडल महासचिव रोहणी गुप्ता की अगुवाई में हुई। रविवार को भाकियू समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने सभी ब्लाक अध्यक्ष समेत तहसील अध्यक्ष व जिला कार्यकरणी की समीक्षा कर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ केदारनाथ सिंह ने कहा कि संगठन मजबूती को किसानों को जागरूक कर जिले से दस हजार सदस्य बनायें। जोनल अध्यक्ष कानपुर बैजनाथ अवस्थी ने कहा कि एनजीटी कानून रोकना है। किसानों को सड़कों पर निकलना होगा। कानून से किसानों के ट्रैक्टरों को काटकर कबाड़ में बेंचना होगा। सरकार की मंशा किसानों के प्रति सही नहीं है। किसानों को निजी ट्यूबवेल पर बिजली फ्री का ढोंग रच रही है। दूसरी ओर डिजिटल मीटर लगाकर किसानों को परेशान कर रही है। डिजिटल मीटर किसानों के लिए अभिशाप बन जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष मनरूप सिंह परिहार ने कहा कि सरकार किसानों को अनुदान के नाम पर उद्योगपतियों को मुनाफा पहुंचा रही हैं।

## दस से 25 तक बालिकाओं को कर रहे जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति व वात्सल लखनऊ के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस साप्ताहिक उत्सव अभियान जिले के विभिन्न गांव तथा विद्यालयों में दस से 25 सितंबर तक हो रहे हैं।

चित्रकूट के एबेनेजर जूनियर हाईस्कूल में जीवन कौशल व डिजिटल कौशल पर बालिकाओं को जागरूक किया।


बालिकाओं को जागरूक करती समिति।

रविवार को अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा ही जीवन शैली सिखाती है। माता-पिता पाठशाला की पहली सीढ़ी है। उनकी प्रेरणा से जीवन कौशल की शुरुआत होती है। बालिकाओं के लिए भारत सरकार, उप्र सरकार से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव के बारे में चर्चा कर बालिकाओं को जागरूक किया। एनएफएसएच पांच आंकड़ों अनुसार प्रदेश में 15.8 फीसदी बाल विवाह की दर राष्ट्रीय दर 23.3 फीसदी से कम है। 15.8 फीसदी लड़कियों की शादी हो जाती है। भारत सरकार ने 2006 में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम बनाया है। जो नवंबर 2007 में जम्मू कश्मीर छोड़कर पूरे देश में लागू है।

## इं हेमंत की पुस्तक का पूर्व राज्यपाल ने किया लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सिंचाई विभाग में अभियंता रहे हेमंत कुमार की लिखी पुस्तक का लोकार्पण उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री/ महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने सेनानियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में किया। हेमंत ने आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़ी पांच किताबें लिखी थीं। इन्हीं में से एक पुस्तक आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़ी स्मृतियां व पत्र का लोकार्पण हुआ। सम्मेलन में सुभाष चन्द्र बोस के सहयोगी रहे लेफ्टिनेंट आर माधवन समेत देश के वयोवृद्ध 18 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लगभग दो हजार सेनानी वंशज राज्य सभा सदस्य नरेश बंसल पूर्व विधायक छत्तीसगढ़ चंद्र प्रकाश बाजपेई सम्मेलन आयोजक जितेन्द्र रघुवंशी शिवडेल स्कूल के संस्थापक स्वामी शरदपुरी सासनी कन्या गुरुकुल कुलपति भारत भूषण सीपी मगन आदि मौजूद रहे।

भवन निर्माण संबंधी तकनीकी लेखन के लिए हेमंत कुमार को उप्र सरकार ने राज्य स्तरीय संपूर्णानंद नामित पुरस्कार व जल अभियांत्रिकी में महत्वपूर्ण शोध कार्यों के लिए जल शक्ति मंत्री/विभागाध्यक्ष ने एएन खोसला पदक दिया है। हेमंत का सामाजिक कार्यों के प्रति गहरा रुझान है। स्थानीय इतिहास पर महत्वपूर्ण खोज कार्य कर इन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव दौरान 45 गुमनाम सेनानियों की खोज की और पांच पुस्तक लिखीं।


पुस्तक का लोकार्पण करते पूर्व राज्यपाल।

**दुश्मन का हमला भी इस पर होगा बेअसर**

## फ्रांस बनाने जा रहा 'सुपर राफेल', अमेरिकी F-35 को छोड़ देगा पीछे

**पेरिसः फ्रांस** अपने फाइटर जेट का अधिक उन्नत संस्करण बनाने जा रहा है। डसॉल्ट एविएशन के साथ मिलकर फ्रांस का लक्ष्य राफेल का एक ऐसा वर्जन तैयार करना है, जो अमेरिका के पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट ऋ35 से भी बढ़िया प्रदर्शन करेगा। इसे राफेल ऋ5 या 'सुपर राफेल' नाम दिया जा सकता है। फ्रांस को उम्मीद है कि उसके प्रमुख लड़ाकू जेट का यह नवीनतम संस्करण एक बार फिर बाजार में अपनी पकड़ बनाएगा। हाल के वर्षों में राफेल को अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी एफ-35 से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। राफेल के नए संस्करण को 2030 तक तैयार करने की योजना है।



दुश्मन के हमले से बचाने में होगा सक्षम

डसॉल्ट एविएशन को यूरोपीय देशों को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करने में एफ-35 के सामने हार का सामना करना पड़ा है। यूरोप में मिली इन असफलताओं ने फ्रांसीसी फाइटर जेट निमार्ता ने सुपर राफेल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया है। सुपर राफेल संस्करण को ल्लएवफ्ङल्ल नाम के विंगमैन ड्रोन के साथ मिलकर संचालित करने के लिए डिजाइन किया जाएगा। इस नवीनतम लड़ाकू संस्करण को पायलटों स्वायत्त रूप से कंट्रोल करेंगे। यह विमान दुश्मन के हमले के दौरान खुद को और अपने संचालन में शामिल अन्य प्रणालियों की रक्षा करने में सक्षम होगा। इसके लिए रडार जैमिंग और आत्मरक्षा प्रणालियों से लैस किया जाएगा।

गाइडेड मिसाइलों को ले जाने में होगा सक्षम

सुपर राफेल पर लगे जैमिंग रडार वर्तमान राफेल जेट की समस्याओं को दूर करेंगे। इसके अलावा 'सुपर राफेल' को फ्रांस और ब्रिटेन के सहयोग से बनी गाइडेड मिसाइलों को ले जाने के लिए भी डिजाइन किया जा रहा है। इनमें फ्यूचर क्रूज मिसाइल और फ्यूचर एंटी-शिफ मिसाइल शामिल हैं। नवीनतम राफेल लड़ाकू संस्करण में एक टारगेटिंग पॉड भी होगा, जो टैलियोस और रीको एनजी की ताकत को एक साथ लाएगा।

अमेरिका में पहली बार पहुंचा भारत का राफेल, चीन के ख-20 की खैर नहीं

एयर कॉम्बैट सिस्टम की तरह करेगा काम

'टैलियोस' टार्गेटिंग पॉड का इस्तेमाल राफेल ऋ3फ और राफेल ऋ4 वेरिएंट में किया गया है, जबकि रीको ठऋ टार्गेटिंग पॉड का इस्तेमाल मिराज विमान में किया जाता है। इसके अलावा 'सुपर राफेल' को हाइपरसोनिक परमाणु मिसाइलों को ले जाने के लिए भी डिजाइन किया जाएगा।

फ्रांसीसी रक्षा वेबसाइट 'मेटा डिफेंस' की रिपोर्ट में कहा गया है कि सुपर राफेल को उच्च स्तर पर विकसित किया जाएगा। यह केवल एक फाइटर जेट नहीं बल्कि एक एयर कॉम्बैट सिस्टम की तरह है, जो एक सिस्टम के भीतर एक सिस्टम पर आधारित है।

## अमेरिका के वरिष्ठ राजनयिक बांग्लादेश पहुंचे, मोहम्मद यूनुस के साथ मीटिंग करेंगे डोनाल्ड लू

**ढाकाः बांग्लादेश** में सत्ता परिवर्तन के बाद अमेरिकी विदेश विभाग के एक डिप्लोमैटिक सलाहकार बांग्लादेश पहुंचे हैं। वह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ मुख्य रूप से वित्तीय और व्यापार मामलों पर चर्चा के लिए शनिवार को बांग्लादेश पहुंचे। बांग्लादेश न्यूज 24 की रिपोर्ट के मुताबिक एक प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए कहा गया कि दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक सचिव डोनाल्ड लू झाका में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचे हैं। इसमें दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रैंडन लिंच भी शामिल हैं। बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के पीछे अमेरिका का हाथ होने का भी आरोप लगता रहा है। ऐसे में डोनाल्ड लू के बांग्लादेश पहुंचने पर पूरी दुनिया की नजर होगी।



रिपोर्ट में कहा गया कि द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा के लिए वह मोहम्मद यूनुस से मिलेंगे। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल वित्त और वाणिज्य सलाहकार सालेहुद्दीन अहमद से भी मिलेगा। विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि चर्चा मुख्य रूप से वित्तीय और व्यापार मामलों से जुड़ी होगी। इससे पहले बांग्लादेश के विदेश सचिव एमडी जशीम उद्दीन ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं सिर्फ यह कह सकता हूं कि अंतरिम सरकार के गठन के बाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का आना अमेरिका की ओर से बांग्लादेश के संबंधों के महत्व को दिखाता है।'

भारत भी आएंगे डोनाल्ड लू

डोनाल्ड लू भारत भी आएंगे। सोमवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। यह यात्रा अमेरिका-भारत 2+2 वार्ता की अंतर-सत्रीय बैठक के लिए है। 2+2 मीटिंग आमतौर पर भारत के विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ करते हैं।

## हमजा बिन लादेन, ओसामा के उस बेटे की कहानी जो मुर्दा घोषित होने के पांच साल बाद हुआ 'जिंदा'

**काबुलः अलकायदा** के कुख्यात सरगना और कभी दुनिया का सबसे खतरनाक शख्स माने जाने वाले ओसामा बिन लादेन का बेटा हमजा बिन लादेन एक बार फिर दुनिया की टॉप खुफिया एजेंसियों के बीच चर्चा का विषय है। कई सालों से यह माना जाता रहा है कि हमजा बिन लादेन की मौत हो चुकी है। साल 2019 में अमेरिकी हवाई हमले के बाद उसकी मौत की खबरें सामने आई थीं। हालांकि, उसकी मौत की पुष्टि के लिए कभी कोई डीएनए सबूत नहीं पेश किया गया। अब नई खुफिया जानकारी से पता चलता है कि 'आतंक का क्राउन प्रिंस' कहा जाने वाला हमजा अभी भी जिंदा है और एक बार फिर से अलकायदा की कमान संभाल रह है।

हालिया खुफिया आकलन से पता चलता है कि हमजा हमले में बच गया था और वर्तमान में अपने भाई अब्दुल्ला के साथ मिलकर अलकायदा को फिर से मजबूत कर रहा है, ताकि दुनिया को थर्रा सके। ब्रिटिश टैब्लॉयड डेली मिरर ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि हमजा इस समय अफगानिस्तान में है और तालिबान के संरक्षण में रह रहा है। माना जाता है कि उसका वर्तमान गढ़ काबुल से 160 किलोमीटर पूर्व में स्थित जलालाबाद में है। वह अफगानिस्तान में 10 से अधिक आतंकी प्रशिक्षण शिविर चला रहा है।

हक्कानी नेटवर्क के मुखिया से संबंध

ऐसा माना जाता है कि हमजा के अभियान को तालिबान के सबसे मजबूत धड़े हक्कानी नेटवर्क से समर्थन मिल रहा है। नेटवर्क का नेतृत्व करने वाले सिराजुद्दीन हक्कानी ने हमजा बिन लादेन के साथ घनिष्ठ निजी संबंध बनाए हैं। उसने अपनी एक बेटी की हमजा के साथ शादी भी की है, जिससे दोनों आतंकी संगठन एक दूसरे से और मजबूती से जुड़े हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हमजा अपनी चार पत्नियों के साथ कथित तौर पर अफगानिस्तान के गजनी, लघमन और हेलमंद जैसे प्रांतों में फैले सुरक्षित ठिकानों में रह रहा है।

कौन है हमजा बिन लादेन?

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अनुसार, हमजा बिन लादेन को 28 फरवरी 2019 को संकल्प 2368 (2017) के पैराग्राफ 2 और 4 के अनुसार, आईएसआईएल या अलकायदा से जुड़े आतंकी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने कहा कि ओसामा बिन लादेन के बेटे हमजा बिन लादेन को अलकायदा के वरिष्ठ नेता अल-जवाहिरी ने आधिकारिक तौर पर समूह का सदस्य घोषित किया है।

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और 58 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

**पश्चिम बंगाल : मालदा** में कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या, पुलिस जांच में जुटीकर्नाटक में गणपति जी को भी सलाखों के पीछे डाला जा रहा : प्रधानमंत्री मोदी

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत 59 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह मामला 4 अगस्त को दिनाजपुर में सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान एक छात्र की हत्या के प्रयास के आरोप में दर्ज किया गया है।

डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, दिनाजपुर के राजबाटी क्षेत्र के निवासी 22 वर्षीय फहीम फैजल ने शुक्रवार को कोतवाली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया कि प्रदर्शन के दौरान उसे गोली मार दी गई और वह घायल हो गया। पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी फरीद हुसैन ने शनिवार को द डेली स्टार से इसकी पुष्टि की। मामले में दर्ज बयान के अनुसार, 'भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन' में भाग लेने वाले फैजल को दिनाजपुर सदर अस्पताल के पास प्रदर्शनकारियों पर हमले के दौरान गोली मार दी गई थी।

प्रदर्शनकारियों पर आग्नेयास्त्रों और स्थानीय हथियारों से हमला किया गया। हमले में फैजल के चेहरे, छाती, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में कई चोट आई। उनका दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज किया गया और वे आंशिक रूप से ठीक हो गए। आरोपियों में पूर्व सचेतक इकबालुर रहीम, दिनाजपुर सदर उपजिला के अध्यक्ष इमदाद सरकार और जिले के जुबो लीग के महासचिव अनवर हुसैन भी शामिल हैं।



बता दें कि इसके साथ ही हसीना पर अब तक कुल 155 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 136 हत्या के, सात मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के, तीन अपहरण के, आठ हत्या के प्रयास के और एक बीएनपी जुलूस पर हमले का मामला शामिल है।

ओसी ने बताया कि शेख हसीना और पूर्व स्थानीय विधायक इकबालुर रहीम को इस मामले में क्रमशः प्रथम और द्वितीय आरोपी बनाया गया है, जबकि 57 अन्य के साथ ही कई अन्य अज्ञात आरोपियों के नाम शामिल हैं।

शेख हसीना सरकार गिरने के बाद से पूर्व सचेतक पर अब तक चार मामलों में आरोप लगाए जा चुके हैं।

## मिस्र ने अमेरिका और रूस को दिया बड़ा झटका

**काहिराः मिस्र** ने अपने पुराने ऋ16 फाइटर जेट के बेड़े को बदलने के लिए चीन के साथ एक डील की है। इस अधिग्रहण के तहत मिस्र चीन से ख-10उ फाइटर जेट खरीदेगा। यह मिस्र की रक्षा खरीद में एक रणनीतिक बदलाव दिखाता है। चीन के ख-10उ विमान को 'माइटी ड्रैगन' कहा जाता है। इन्हें खरीदने का निर्णय ऐसे समय में आया है जब इस बात की अटकलें लगाई जा रही थीं कि मिस्र अपने ऋ16 को ऋ16 वी वेरियंट में अपग्रेड करने के लिए अमेरिका से बातचीत करेगा। J-10C कम लागत में बेहतर लड़ाकू क्षमताएं देता है। मिस्र के लिए यह आकर्षक विकल्प है। कथित तौर पर 19 अगस्त को इस समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। यह पाकिस्तान के बाद मिस्र को ख-10उ का दूसरा अंतरराष्ट्रीय खरीदार बनाता है। मिस्र अपनी वायुसेना को आधुनिक बनाने के तरीकों की तलाश कर रहा है। वह पुराने ऋ16 विमानों को चरणबद्ध तरीके से रिटायर कर रहा है। ख-10 उ एक मल्टीरोल फाइटर जेट है। यह हवा से हवा और हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियारों से लैस है। इसकी तुलना अमेरिका के F-16 से की जाती है।

रूस और अमेरिका ने दिया था ऑफर

ख-10उ के अधिग्रहण से पहले अमेरिका और रूस दोनों की ओर से मिस्र को ऑफर मिला था। मिस्र ने दोनों को ही अस्वीकार कर दिया।

कथित तौर पर मिस्र अपने ऋ16 संस्करण को आधुनिक बनाने के लिए नए एफ-15 खरीदने पर विचार कर रहा था। लेकिन अंततः इसे स्वीकार नहीं किया गया।

## रूस ने ईरान को दिया परमाणु सीक्रेट? टेंशन में आए अमेरिका-ब्रिटेन, न्यूक्लियर हथियार बनाने के करीब पहुंचा मुस्लिम देश



**वॉशिंगटनः यूक्रेन** युद्ध के कारण अब अमेरिका और ब्रिटेन के सामने एक नई तरह की मुसीबत आ गई है। ब्रिटेन और अमेरिका ने आशंका जताई है कि ईरान की ओर से रूस को बैलिस्टिक मिसाइलें दी गई हैं और इसके बदले में रूस ने न्यूक्लियर सीक्रेट साझा किया है। वॉशिंगटन डीसी में अपने शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर और अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने स्वीकार किया कि दोनों देश ऐसे समय में सैन्य सहयोग बढ़ा रहे हैं, जब ईरान लंबे समय से परमाणु हथियार बनाने के लिए यूरेनियम एनरिचमेंट की प्रक्रिया में है। गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटिश सूत्रों ने संकेत दिया कि परमाणु टेक्नोलॉजी के लिए ईरान के रूस से संबंधों पर चिंता व्यक्त की गई। पिछले सप्ताह अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ब्रिटेन की यात्रा पर गए थे, जहां उन्होंने इसी तरह की चेतावनी दी थी। हालांकि इसपर तब बहुत कम ध्यान दिया गया था। ब्लिंकन ने कहा था, 'रूस वह टेक्नोलॉजी शेयर कर रहा है जो ईरान चाहता है। यह दो-तरफा रास्ता है, जिसमें परमाणु के साथ-साथ स्पेस से जुड़ी टेक्नोलॉजी दी जा रही है।' ब्लिंकन ने दोनों देशों पर अस्थिर करने वाली गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया जो दुनिया भर के लिए खतरा पैदा करती है।

चार परमाणु बम का यूरेनियम

ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से चेतावनी दी थी कि ईरान का एनरिच यूरेनियम भंडार लगातार बढ़ता जा रहा है। उसके पास चार परमाणु बम बनाने के बराबर का यूरेनियम है। लेकिन यह अभी साफ नहीं है कि ईरान के पास हथियार बनाने की कितनी जानकारी है या वह कितनी जल्दी ऐसा कर सकता है। लेकिन रूस के वैज्ञानिकों का मिलकर हथियार बनाना या रूस की टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल ईरान को जल्द से जल्द बम बनाने में मदद दे सकता है। ईरान हालांकि इस बात से इनकार करता है कि वह परमाणु बम बनाने की कोशिश कर रहा है।

रूस को हथियार सप्लाई कर रहा ईरान

ईरान ने 2015 में अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के साथ प्रतिबंधों से राहत के बदले में परमाणु हथियार न बनाने की डील की थी। 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समझौते को तोड़ दिया।

## पाकिस्तान संग मिलकर बांग्लादेश को बनाना होगा परमाणु ताकत...

**ढाकाः बांग्लादेश** में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद लगातार भारत विरोधी बयान तेज हो गए है। बांग्लादेश में अब ऐसी ताकतें उठ खड़ी हो रही हैं, जो पाकिस्तान के पक्ष की बात करती हैं। पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश के संबंध लंबे समय से विश्लेषण का विषय बने रहे हैं। हाल ही में ढाका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर शाहिदुज्जमां ने एक सेमिनार में बांग्लादेश के लिए न्यूक्लियर हथियारों की बात की। सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते



हुए उन्होंने भारत को एक बड़ा खतरा बताया और कहा कि पाकिस्तान बांग्लादेश का विश्वसनीय और भरोसेमंद सुरक्षा सहयोगी है।

शाहिदुज्जमां कहने को प्रोफेसर है। लेकिन वह जमात ए इस्लामी के पक्ष में बयान देता रहा है। अब उसने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा, 'भारत की आदतन धारणा बदलने के लिए हमें परमाणु सम्पन्न बनना ही सही जवाब होगा। परमाणु सम्पन्न होने का मतलब यह नहीं कि हमें न्यूक्लियर पावर बनना चाहिए। परमाणु सम्पन्न से मेरा मतलब है कि हमें हमारे पूर्व प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से परमाणु संधि करनी चाहिए।' उनके इतना कहने पर हॉल में अफसरों ने तालियां बजाई।

पाकिस्तान को बताया सबसे बड़ा सहयोगी

शाहिदुज्जमां यह भूल गए कि बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग क्यों हुआ। उन्होंने बिना इसका जिक्र किए कहा, 'पाकिस्तान हमेशा से बांग्लादेश का सबसे विश्वसनीय सुरक्षा सहयोगी रहा है। लेकिन भारतीय नहीं चाहते हैं कि हम इस पर विश्वास करें। अवामी लीग चाहती है कि हम इसे न मानें। लेकिन यही सच्चाई है।' प्रोफेसर ने आगे जिन्ना के देश की तारीफ करते हुए कहा कि बांग्लादेश को अपना झुकाव पाकिस्तान की ओर बढ़ाना चाहिए। उसने कहा, 'पाकिस्तानियों का दिल जलता है। वह हमसे माफी नहीं चाहते हैं। लेकिन वह यह भी नहीं चाहते कि हम भारत के साथ रहे। वह हमारे लिए सबकुछ करने को तैयार हैं।'

'भारत से चाहते हैं अच्छे संबंध'

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस ने बुधवार को कहा कि उनका देश भारत और अन्य पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध रखने का इच्छुक है। यह ह्यनिष्पक्षता और समानता के आधार पर होना चाहिए।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## चीन ने बनाया दुनिया पर कब्जा करने का खतरनाक प्लान, बना रहा एयरशिप की आर्मी, जानें क्या है ड्रैगन का नया हथियार

**बीजिंगः चीन** ने दुनिया भर में जासूसी करने के लिए एक बड़ा खतरनाक प्लान बनाया है। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन विशाल हवाई जहाजों की एक सेना तैयार कर रहा है। एयरशिप के नाम से मशहूर ये जहाज असल में चीन के लिए जासूसी हथियार होंगे, जिनसे वह पूरी दुनिया पर नजर रख सकेगा। चीन ऐसा पर्यटन के नाम पर कर रहा है। ये विशालकाय हल्के हवाई जहाज 1900 के दशक की शुरूआत में काफी लोकप्रिय हुआ करते थे। इन्हें ब्लिंप कहा जाता था, लेकिन हाल के दशकों में वे लुप्त हो गए। अब चीन एक बार फिर से इन जहाजों को आसमान में उड़ाने के लिए तैयार है। ये सारी कवायद चीन की दुनिया में अपना साम्राज्य फैलाने की योजना का हिस्सा है।

चीन ने जहाजों पर शुरू किया काम

साल 2025 की शुरूआत में ही इन जहाजों का इस्तेमाल करने की योजना है। चीन की एक पर्यटक एयरशिप कंपनी ने अपने यात्रियों को आसमान में भेजने के लिए इन जहाजों पर काम करना शुरू कर दिया है। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि चीन पर यह भरोसा कर लेना कि एयरशिप पर्यटकों के लिए बनाए जा रहे हैं, एक बहुत बड़ी गलती होगी। ब्रिटिश मीडिया आउटलेट द सन से प्रोफेसर अशोक स्वैन ने कहा कि 'हम चीन की कही गई



बातों को कभी भी सच नहीं मानेंगे।' प्रोफेसर अशोक स्वैन ने कहा कि 'यदि आप चीनी सैन्य खर्च को देखें तो इसमें सैन्य उद्येश्यों के लिए कई अन्य क्षेत्र शामिल नहीं हैं। चीन की यह एक बड़ी चालाकी है जो वह लंबे समय से करता रहा है।' उन्होंने कहा कि 'इस मामले में हमें कोई कारण नहीं दिखता कि चीन इसका सैन्य उद्येश्यों के लिए उपयोग नहीं कर रहा है या नहीं करेगा। या ऐसी योजना नहीं बना रहा है।'

'गलवान घाटी से हटीं चीन की सेना', लेकिन लद्दाख में चल रहा दूसरा 'खेला'

जिनपिंग का दुनिया कब्जाने का प्लान

सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि चीन के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में इन विशाल एयरशिप को रखने के लिए हैंगर बनाए गए हैं। पिछले साल देश के उत्तर-पश्चिम में एक बेस पर सैटेलाइट तस्वीरों में एक बड़ा एयरशिप नजर आया था। ये तस्वीरें पहली बार नवंबर 2022 में ली गई थीं, जिसमें रेगिस्तानी सैन्य परिसर में 100 फीट लंबा एयरशिप दिखाया गया था। प्रोफेसर अशोक स्वेन का कहना है कि 'यह सब शी (जिनपिंग) का दुनिया पर कब्जा करने की योजना का हिस्सा है, जिसमें इन बड़े ब्लिंप्स का इस्तेमाल निगरानी के लिए किया जाएगा। इससे चीनी सेना को वैश्विक पहुंच बनाने में भी मदद मिलेगी।' अशोक ने कहा कि 'मुझे लगता है कि यह निगरानी के लिए ज्यादा है।'